



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023



आवश्यकता है

ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।

-: संपर्क करें :-

सुनालिया ज्वेलर्स

पावर हाउस रोड कोरबा



वर्ष 34 अंक 343 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 13 सितम्बर 2023 डाक 14 सितम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने कुल्लू दौरे के दौरान हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर के साथ बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया



**देश-विदेश**

पृथ्वी से 8.6 गुना बड़े ग्रह पर मिला जीवन का साक्ष्य! नासा के दावे में कितनी सच्चाई




**फीचर पेज**

दमकती त्वचा पाने के लिए करें देसी घी का इस्तेमाल, ग्लो ऐसा कि देखते रह जाएंगे लोग




## एक्सीडेंट में 11 लोगों की मौत, पीएम ने किया मुआवजे का ऐलान



**जयपुर, 13 सितम्बर [एजेंसी]।**

राजस्थान के भरतपुर में बुधवार सुबह एक भयावह घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक से कुचलकर 11 लोगों की मौत है गई और 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा सुबह करीब 5.30 बजे लखनपुर थाना क्षेत्र के आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे-21 पर हंतारा के पास उस समय हुआ जब एक खराब हो चुकी बस के यात्री नीचे बस के पास खड़े थे। बस में 45 से अधिक लोग थे और कुछ लोग खराबी की जांच करने के लिए ड्राइवर और हेल्पर के साथ नीचे उतरे। मृतकों में छह महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक गुजरात के भावनगर के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, बस भावनगर से मथुरा होते हुए हरिद्वार जा रही थी और भरतपुर-आगरा हाईवे पर अचानक खराब हो गई। चालक और उसके साथी के साथ कुछ यात्री भी बस से उतर गए।

ड्राइवर और उसके साथी फॉल्ट चेक कर रहे थे तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी और किनारे खड़े लोगों को कुचल दिया। वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के चालकों ने पुलिस और एम्बुलेंस को फोन किया। शवों को भरतपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने बताया कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि टक्कर किस वाहन की वजह से हुई। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हालाँकि, बस में सवार एक यात्री ने कहा कि यह एक ट्रक था। उन्होंने बताया कि सुबह करीब चार बजे बस में कुछ दिक्कत आ गयी थी। उन्होंने कहा, बस हंतारा पुल के पास खड़ी थी। ड्राइवर और एक अन्य डीजल लेने गए थे और करीब 10-12 यात्री बस से उतरकर बस के पीछे खड़े हो गए। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने सभी को कुचल दिया।

## जदयू एमएलसी राधा चरण सेठ के आवास पर ईडी की छापेमारी जारी, 4 टीमों ने की कार्रवाई

**आरा, 13 सितम्बर [एजेंसी]।**

आरा-बक्सर निकाय क्षेत्र से जदयू एमएलसी राधा चरण साह उर्फ सेठ पर बड़ी कार्रवाई हुई है। बुधवार की तड़के सुबह एमएलसी के आवास पर ईडी ने छापा मारा है। एमएलसी के आरा शहर के अनाईठ -बिहारी मिल स्थित पर आवास पर ईडी की 4 टीम पहुंची और छानबीन शुरू कर दी।

फिलहाल ईडी की पूछताछ जारी है। घर से बाहर या किसी को भी अंदर आने-जाने की अनुमति नहीं है। एमएलसी सेठ के घर पूर्व में भी ईडी और आयकर समेत कई केन्द्रीय एजेंसियों की छापेमारी हो चुकी है। चर्चा है कि एमएलसी के आवास पर बालू के धंधे से अर्जित अवैध संपत्ति के मामले में छापेमारी की कार्रवाई हुई है। छापेमारी के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए केन्द्रीय फोर्स की टीम को भी लगाया गया है। लंबे समय से बालू सिंडिकेट से भी जुड़े रहे हैं। एमएलसी सेठ राधा चरण साह लंबे समय से बालू कारोबार से भी जुड़े रहे हैं।

भोजपुर के कोईलवर, बिहटा के परेव पटना, औरंगाबाद और गया के बड़े बालू कारोबारियों से उनके अच्छे संबंध रहे हैं। बीते माह ही ईडी ने एमएलसी राधा चरण साह और उनके बेटे कन्हैया साह से भी पूछताछ की थी। ईडी ने नोटिस भेजकर दोनों को पूछताछ के लिए पटना दफ्तर में बुलाया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की नोटिस जारी होने के बाद जदयू एमएलसी 31 अगस्त को ईडी के दफ्तर पहुंचे थे। यहां उनसे करीब नौ घंटे तक पूछताछ की गई थी। अधिकारियों ने बालू के कारोबार और कारोबारियों से उनके संबंध को लेकर पूछताछ की थी। बालू सिंडिकेट मामले में पूछताछ के लिए एक सितंबर को एसएलसी के बेटे कन्हैया साह ईडी के ऑफिस पहुंचे। कन्हैया से ईडी के अफसरों ने करीब छह घंटे तक पूछताछ की थी।

## अभिषेक बनर्जी से ईडी कार्यालय में पूछताछ, सुरक्षा बढ़ाई गई



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता के साल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स को बुधवार सुबह से ही कड़ी सुरक्षा घेरे में ले लिया। तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी को पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए कैश के मामले में पूछताछ के लिए पेश होना है। सीजीओ कॉम्प्लेक्स के बाहर सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त रैंक के एक अधिकारी के नेतृत्व में एक विशाल पुलिस दल तैनात किया गया है। सीजीओ कॉम्प्लेक्स के भीतर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अतिरिक्त केंद्रीय सशस्त्र बल कर्मियों को वहां तैनात किया गया है।

अधिकारी सीजीओ कॉम्प्लेक्स के भीतर प्रवेश पर भी सख्ती बरत रहे हैं और किसी को भी बिना पहचान पत्र के प्रवेश की अनुमति नहीं है। पश्चिम बंगाल के सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग मंत्री पार्थ भौमिक ने नई दिल्ली में विपक्षी दल इंडिया गठबंधन की पहली समन्वय समिति की बैठक में शामिल होने के बजाय बनर्जी के ईडी कार्यालय जाने का संकेत दिया था।

## अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर खुदाई के दौरान मिले प्राचीन मंदिर के अवशेष, कई मूर्तियां और स्तंभ भी शामिल



**नईदिल्ली, 13 सितम्बर [एजेंसी]।**

श्री रामजन्मभूमि पर खुदाई के दौरान प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले हैं। जिसमें कई मूर्तियां और स्तंभ शामिल हैं। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय बुधवार को सोशल मीडिया के जरिए दी।चंपत राय ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) कर कहा- श्री राम जन्मभूमि पर खुदाई के दौरान प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले। इनमें कई मूर्तियां और स्तंभ शामिल हैं। शेयर की गई फोटो में स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि कई मूर्तियां पर स्तंभ हैं, जो मंदिर निर्माण से जुड़ी हैं। फिलहाल राम मंदिर के प्रथम तल का निर्माण कार्य पूर्ण होने की ओर है।अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर मैराथन बैठक आयोजित की गई है। बताया जा रहा है कि राम जन्मभूमि परिसर में स्थित एलएनटी कार्यालय में हो रही भवन निर्माण समिति की अहम बैठक में कई प्रकार के निर्णय लिए जाने हैं।। प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात कर मकर संक्रांति से 26 जनवरी के बीच का दिन निश्चित किया जाएगा। रामलला के दर्शन एक साथ 25,000 लोग कर सकेंगे। शौचालय, बिजली, पानी, लाकर और बैठने की समुचित व्यवस्था के लिए तीर्थयात्री सेवा केंद्र व चिकित्सालय भी बनेगा। श्रद्धालुओं से किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। आरती और दर्शन का भी कोई शुल्क नहीं लगेगा।

श्रीरामजन्मभूमि की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) की पहली टीम अयोध्या इसी सप्ताह पहुंच चुकी है। एसएसएफ की तीन कंपनी में 280 जवान हैं। एसपी गौतम ने बताया कि इन जवानों को दस दिनों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद तैनाती की जाएगी। पीएसी जवानों के साथ मिलकर यह बल श्रीरामजन्मभूमि के आंतरिक परिसर और उससे सटे बाहरी परिसर की सुरक्षा संभालेगा। अयोध्या को छह कंपनी एसएसएफ की मिलनी है। पहले चरण में तीन कंपनी मिल गई है।

### सेक्सटॉर्शन मामले में महिला पर कसा शिकंजा, बल्ब के होल्डर में फिट किया था कैमरा



*__गुना।__ मध्य प्रदेश के गुना में बीते दिनों सामने आए सेक्सटॉर्शन मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें एक पुरुष एक महिला शामिल है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करेगी। जिसमें और खुलासे हो सकते हैं। इस मामले में अब तक कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका हैं। दरअसल, 29 अगस्त गुना में एक कपड़ा व्यापारी ने कोतवाली में एक महिला द्वारा मकान पर बुलाकर नशीली चाय पिलाकर अश्लील हरकते करके बल्ब होल्डर में लगे कैमरे से वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने पति पत्नी सहित 4 अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर उनका पीआर लिया था।*

## राजौरी मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर, जवान भी शहीद, गोली लगने से लैब्राडोर डॉग केंट की मौत



**जम्मू, 13 सितम्बर [एजेंसी]।**

जम्मू संभाग के राजोरी जिले में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया गया है। मुठभेड़ में सेना का एक जवान भी शहीद हो गया है। इसके अलावा एक पुलिस एसपीओ सहित तीन घायल हुए हैं। एनकाउंटर में भारतीय सेना के कुत्ते केंट, 21 आर्मी डॉग यूनिट की छह वर्षीय मादा लैब्राडोर ने जम्मू-कश्मीर में चल रहे राजौरी मुठभेड़ ऑपरेशन के दौरान अपने हैंडलर की रक्षा करते हुए अपनी जान दे दी। केंट भाग रहे आतंकवादियों की तलाश में सैनिकों की एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रही थी। यह भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई। शहीद हुए सेना के जवान की पहचान 21 राष्ट्रीय राइफल्स के सिपाही जसविंदर सिंह के रूप में हुई है। वहीं तीन अन्य घायल सुरक्षा कर्मियों की पहचान सब इंस्पेक्टर मोहम्मद अशरफ (एसपीओ) के रूप में की गई है। कांस्टेबल मोहम्मद रफीक और कांस्टेबल मोहम्मद इकबाल भी घायल हुए हैं। मारे गए आतंकी के पाकिस्तान का होने का शक है। जवानों ने इलाके में तलाशी अभियान चला रखा है। जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के राजोरी जिले के एक दूरदराज के नारला गांव में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने बताया कि शुरुआती गोलाबारी मे सेना का एक जवान घायल हुआ था। बाद में उसने दम तोड़ दिया था।

### सनातन धर्म के खिलाफ बयान देकर बुरे फंसे उदयनिधि स्टालिन, शिवसेना नेता ने उठाई कार्रवाई की मांग



*__मुंबई।__ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि सनातन धर्म मलेरिया डेंगू की तरह है जिसे मिटाना जरूरी है। उदयनिधि स्टालिन ने भले ही तमिलनाडु में ये बयान दिया था लेकिन इस एक बयान ने देशभर में सियासी भूचाल ला दिया। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के द्वारा लगातार उदयनिधि स्टालिन और विपक्षी गुट आई.एन.डी.आई.ए. के नेताओं पर निशाना साधा जा रहा है। इसी बीच सोमवार को शिवसेना शिंदे गुट के नेता राहुल कनाल ने मुंबई के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर, लॉ एंड ऑर्डर, सत्यनारायण चौधरी को चिट्ठी लिखकर उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। चिट्ठी में उन्होंने लिखा, सनातन धर्म को खत्म करने के बारे में उदयनिधि स्टालिन का बयान नफरत फैलाने और बड़े पैमाने पर भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से दिया गया है। मैं राजनीतिक फायदे के लिए जानबूझकर नफरत फैलाने वाले इस तरह के बयान देने वालों के खिलाफ आपसे सख्त कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध करता हूं।*

## आजम खान के 30 ठिकानों पर ईडी और इनकम टैक्स की छापेमारी, जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़ा है मामला

**रामपुर, 13 सितम्बर [एजेंसी]।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री आजम खान के रामपुर स्थित आवास पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और आयकर विभाग ने छापा मारा है। दोनों विभागों की टीमें दिन निकलते ही उनके आवास पर पहुंच गई और घर को चारों ओर से घेरने के बाद जांच शुरू कर दी। आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी लखनऊ, मेरठ, रामपुर और गाजियाबाद समेत आजम खान के 30 ठिकानों पर चल रही है। सूत्रों के मुताबिक मध्य प्रदेश में भी आजम खान के ठिकानों पर छापेमारी हो रही है। सपा विधायक नसीर खां और जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सलीम कासिम के घर भी आयकर विभाग की टीम पहुंची है। ये दोनों नेता भी ट्रस्ट के सदस्य हैं। सीतापुर के रीजेंसी स्कूल में आयकर विभाग की टीम छापेमारी कर रही है। विभाग के स्थानीय कर्मचारी-अधिकारियों को छापेमारी की जानकारी नहीं है। इस छापेमारी के बाद रीजेंसी स्कूल और अल जौहर ट्रस्ट के बीच कोई कनेक्शन होने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि अल जौहर ट्रस्ट का लोगो यहीं डिजाइन हुआ था। आजम खान के खिलाफ साल 2019 में जौहर यूनिवर्सिटी के लिए जमीनें कब्जाने के 30 मुकदमे दर्ज हुए थे। तब प्रशासन ने उन्हें भूमाफिया घोषित कर दिया था। ईडी ने भी आजम खां के खिलाफ केस दर्ज किया था। लखनऊ से ईडी की टीम ने कई बार रामपुर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। बुधवार सुबह ईडी उनके घर पहुंच गई। घर को पुलिस ने चारों ओर से घेर रखा है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि आजम खां के घर आयकर की टीम जांच पड़ताल की जा रही है।

### टिकट के नाम पर उद्योगपति से 4 करोड़ की धोखाधड़ी, महिला गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पुलिस ने एक महिला हिंदू कार्यकर्ता चैत्रा कुंडपुरा को गिरफ्तार किया है। इस पर विधानसभा चुनाव में एक उद्योगपति को भाजपा का टिकट दिलाने का वादा कर 4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में शिकायत के बाद स्पेशल विंग सिटी सेंट्रल ब्रांच (सीसीबी) पुलिस ने देर रात चैत्रा कुंडपुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, कुंडापुरा ने दक्षिण कन्नड़ जिले के बैंदुर निर्वाचन क्षेत्र से गोविंदा बाबू पुजारी को भाजपा का टिकट देने का वादा किया था और दावा किया था कि वह आरएसएस के नेताओं को जानती हैं, जो उनके लिए टिकट दिला सकते हैं।

### मालगाड़ियों को कांग्रेसियों ने रोका, पटरी पर बैठे



**बिलासपुर।** त्योहार के अवसर पर ट्रेनों को रद्द किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी की ओर से आज प्रदेश स्तर पर रेल रोको आंदोलन किया जा रहा है। बिलासपुर से लेकर महासमुंद तक कांग्रेस पार्टी के नेता-कार्यकर्ता रेलगाड़ियों को रोककर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। बिलासपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में दर्जनों प्रदर्शनकारियों ने करगी रोड कोटा रेलवे स्टेशन में सुबह अप और डाउन दोनों लाइन पर मालगाड़ियों को रोका गया। पटरी में लेटकर रेलवे और केंद्र सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी करते हुए रेलवे को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया गया। इसी तरह महासमुंद में कांग्रेसी कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन बघेल के नेतृत्व महासमुंद रेलवे स्टेशन में रेल रोको आंदोलन के लिए पहुंचे। आरपीएफ व छत्तीसगढ़ पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मेन गेट पर ही रोक दिया, जिसके बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता मेन गेट पर ही नारे बाजी कर रहे हैं।

## वियतनाम के हनोई में नौ मंजिला अपार्टमेंट में लगी आग, 12 लोगों की मौत, 50 घायल

**हनोई, 13 सितम्बर [एजेंसी]।**



वियतनाम की राजधानी हनोई में नौ मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक में भीषण आग लगने से कई लोगों की जान चली गई। न्यूज एजेंसी ने आधिकारिक समाचार एजेंसी का हवाला देते हुए कहा कि बुधवार को वियतनाम की राजधानी हनोई में नौ मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक में आग लगने से कई लोगों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की आशंका है। वहीं अबतक अधिकारियों ने मौतों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। आधिकारिक वियतनाम समाचार एजेंसी ने कहा कि 150 निवासियों वाली इमारत में आधी रात को आग लगी।

एजेंसी द्वारा दिए गए जानकारी में बताया गया कि आग लगने के बाद देर रात 2 बजे (1900 जीएमटी) तक उसपे काबू पा लिया गया था। अपार्टमेंट में भीषण आग लगने से लगभग एक दर्जन लोगों के मरने की आशंका बताई जा रही है। टेलीविजन में दिखाई जा रही तस्वीरों में रात में घटनास्थल पर सीढ़ी से लैस अग्निशामकों को दिखाया गया, जबकि दिन के दौरान इमारत से घने, गहरे धुएं का गुबार निकलता दिखाई दिया। एजेंसी ने कहा कि पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## कोझिकोड में निपाह वायरस के बढ़ते खतरे के बीच जारी हुआ अलर्ट, स्वास्थ्य मंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक

**तिरूवनन्तपुरम, 13 सितम्बर [एजेंसी]।**



केरल के कोझिकोड जिले में निपाह वायरस का खतरा बढ़ने से राज्य सरकार ने स्वास्थ्य अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने एक उच्चस्तरीय बैठक की और स्थिति की समीक्षा की। सभी उच्चस्तरीय अधिकारियों को कोझिकोड भेजा गया। प्रोटोकॉल के आधार पर 16 कमेटियां भी बनाई गई हैं और कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में 75 कमरे भी तैयार किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोझिकोड जिले के दो केंद्रों और और उसके आसपास के पांच किलोमीटर के दायरे को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा, एनआईवी पुणे की एक टीम मोबाइल लैब स्थापित करने के लिए आज शाम तक कोझिकोड पहुंचेगी। एनआईवी पुणे की एक अन्य टीम चमगादड़ों के सर्वे के लिए आएगी।

सर्वे के लिए चेन्नई से महामारी विशेषज्ञ भी पहुंचने वाले हैं।उन्होंने आगे कहा, स्वास्थ्य विभाग अपनी तरफ से इस वायरस से बचने के लिए हर संभव प्रयास किया है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग का एकमात्र प्राथमिकता ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस वायरस से बचाने और इलाज मुहैया कराने का है। निपाह वायरस की वजह से राज्य में अबतक दो लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में से एक के परिजन को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस वायरस से संक्रमित पहले व्यक्ति की मौत 30 अगस्त को हुई थी। शुरुआत में उनकी मौत का कारण लीवर सिरोसिस बताया गया लेकिन बाद में परिवारवालों उसके नौ वर्षीय बेटे और 24 वर्षीय रिश्तेदार में मंगलवार को हुई जांच में निपाह वायरस के संक्रमण की पष्टि हुई है। उनका बेटा फिलहाल आईसीयू में भर्ती है।

### भाजपा नेता पी.पी. मुकुंदन का निधन

**कोच्चि, 13 सितम्बर ।**



केरल में 80 और 90 के दशक के सबसे लोकप्रिय भाजपा नेताओं में से एक पी.पी. मुकुंदन का बुधवार को यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि 77 वर्षीय वयोवृद्ध नेता पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। वह आरएसएस और फिर भाजपा में सबसे लोकप्रिय और शक्तिशाली संगठन महासचिवों में से एक बनकर उभरे। कन्नूर के रहने वाले मुकुंदन1988 से 1995 तक भाजपा के मुखपत्र के प्रबंध संपादक थे। वह 2006 से अगले एक दशक तक राज्य में भाजपा से पूरी तरह से बाहर थे, लेकिन 2016 में वापस लौट आए। हालांकि तमाम कोशिशों के बावजूद वह पार्टी में अपनी पुरानी जगह नहीं पा सके।

संयोग से, अपने चरम पर वह भाजपा नेताओं में सबसे लोकप्रिय थे। उनके नरम और विनम्र व्यवहार ने अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक और सांस्कृतिक नेताओं को मदद की। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मुकुंदन के निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें केरल में संघ परिवार का बड़ा नेता बताया। केरल विधानसभा अध्यक्ष ए.एन. शमसीर ने भी अनुभवी राजनेता के निधन पर दुःख व्यक्त किया।

# सीएम की घोषणा पर अमल, सांसद ने नए कॉलेज का उद्घाटन किया







कोरबा । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा अनुरूप कोरबा के रामपुर जैसे वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में सहूलियत देने हेतु नवीन शासकीय महाविद्यालय का संचालन प्रारंभ किया गया है। जिसका उद्घाटन आज सांसद लोकसभा क्षेत्र कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने किया। उन्होंने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक कर उनको बधाई दी। इस अवसर पर सांसद श्रीमती महंत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवीन महाविद्यालय के लिए ग्राम वासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार की मंशा सदैव से ही जन-जन तक शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को पहुँचाना रहा है। राज्य सरकार द्वारा बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों, वनांचलों में नए महाविद्यालय प्रारम्भ करने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। इसी कड़ी में रामपुर में उच्च शिक्षा का विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल के घोषणा अनुरुप नवीन महाविद्यालय प्रारम्भ किया गया है। महाविद्यालय प्रारम्भ होने से आस पास के छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा गांव में ही प्राप्त करेंगे। विशेषकर क्षेत्र की बेटियां महाविद्यालय शुरू होने से लाभान्वित होंगी। अब उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा।

सांसद श्रीमती महंत ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिससे मानव उन्नति की राह की ओर अग्रसर होता है। किसी भी समाज, राज्य या राष्ट्र के विकास के लिए लड़कियों का शिक्षित होना आवश्यक है। बेटियां आगे बढ़ती है तो समाज तरक्की करता है। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय नया है, जल्द ही महाविद्यालय की नए भवन निर्माण की भी स्वीकृति मिल जाएगी। सांसद ने महाविद्यालय में प्रवेशित सभी छात्र - छात्राओं को अच्छे से मेहनत करने के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में पढ़ाई ही सर्वोपरि है। आप सभी अपने जीवन में अनुशासन के साथ खूब मेहनत से पढ़ाई करें और अपने महाविद्यालय का नाम राज्य के साथ-साथ पूरे देश मे रोशन करें।

इसके पूर्व सांसद श्रीमती महंत सहित उपस्थित अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया। साथ ही छत्तीसगढ़ के राज्यगीत अरपा पैरी के धार की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की हुई विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम में कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विधायक रामपुर श्री ननकी राम कंवर एवं पूर्व विधायक श्री श्यामलाल कंवर सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि रामपुर विधानसभा के ग्राम चिर्रा में 22 मई 2023 को आयोजित मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा वनांचल क्षेत्र रामपुर में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाविद्यालय चालू शैक्षणिक सत्र से ही प्रारंभ करने की घोषणा की गई थी। जिसका प्रशासकीय स्वीकृति 25 अगस्त 2023 को मिली। रामपुर में महाविद्यालय प्रारम्भ होने से वनांचल के अनेक विद्यार्थी लाभांवित होंगे। उन्हें उच्च शिक्षा के लिए अब अन्यत्र जाना नहीं पड़ेगा। गाँव मे ही महाविद्यालय खुल जाने से लड़कियों को भी पढ़ाई के लिए सहूलियत होगी। रामपुर क्षेत्र में महाविद्यालय नहीं होने से 10वीं-12वीं की पढ़ाई के बाद लड़कियों को आगे की पढ़ाई के लिए समस्याएं होती थी। जिससे उनकी पढ़ाई बीच मे ही छूट जाती थी या फिर उन्हें स्वध्यायी के रूप में पढ़ाई करनी पड़ती थी।

शैक्षणिक सत्र 2023-24 में महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्य संचालित करने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय हेतु 32 विभिन्न पदों की स्वीकृति दी गई है। जिसमें प्राचार्य, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल सहित अन्य पद शामिल है। यथाशीघ्र इन पदों में नियुक्ति पूर्ण हो जाएगी। साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में 10 मेहमान प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। महाविद्यालय में इस सत्र से बीए, बी कॉम, बीएससी विज्ञान एवं बीएससी गणित जैसे 4 संकाय प्रारम्भ है। अल्प समय में ही महाविद्यालय में 94 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। साथ ही अब भी उक्त महाविद्यालय में छात्र-छात्राओ के प्रवेश प्रकिया प्रारंभ है।कार्यक्रम में विधायक रामपुर श्री ननकी राम कंवर, पूर्व विधायक श्री श्याम लाल कंवर, करतला जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता देवी कंवर, सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### आयुष मेडिकल एसोसिएशन ने किया सम्मेलन

## विचारों मे सकारात्मकता रखेंगे, तो नहीं होगी मानसिक व्याधि:विनय साव



**कोरबा।** आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन होटल ब्लू डायमंड में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं वाल्टीन हेल्थ केयर दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.प्रदीप जैन के मुख्य आतिथ्य में मष्तिष्कगत रोग अवसाद, तनाव (डिप्रेशन, टेंशन ) पर विशेष संभाषा परिषद के रूप में मनाया गया।

सम्मेलन का शुभारंभ सर्वप्रथम चिकित्सकों ने आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धनवंतरी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कीया। उसके पश्चात मास्टर माइंड कोच इंडियन नेवी मुंबई से सेवानिवृत्त विनय साव ने हेल्थ, वेल्थ एंड हैप्पीनेस के लिये माइंड मास्टरी प्रोग्राम पर विशेष व्याख्यान देते हुये कॉनसियस एवं सबकॉनसियस माइंड के पावर के बारे मे विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने आयुष चिकित्सकों के साथ मस्तिष्कगत रोगो (डिप्रेशन,टेंशन, अवसाद) पर चर्चा कर इससे जुड़े कारण एवं निदान पर विस्तार से उनके तथा अपने अनुभवों को साझा करते हुये कहा की अगर हम सबकॉनसियस माइंड की ताकत को समझकर, प्रकृति के नजदीक रहकर अपने विचारों मे सकारात्मक सोंच रखेंगे तो कोई मानसिक व्याधि हमे नही घेर सकेगी। मोटिवेशनल स्पीकर विनय साव ने आयुष चिकित्सकों के पूरे परिवार के लिये उसमे भी विशेष बच्चों हेतु एक, एक दिवसीय विशेष कार्यशाला हेल्थ,वेल्थ एंड हैप्पीनेस के लिये, माइंड मास्टरी प्रोग्राम पर रखने की बात कही , जिसे आयुष मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय कराने की बात कही। इस अवसर पर आयुष चिकित्सक सम्मेलन के मुख्य अतिथि, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.प्रदीप जैन ने मस्तिष्कगत रोगो (डिप्रेशन,टेंशन, अवसाद) पर आयोजित इस विशेष संभाषा परिषद पर मोटिवेशनल स्पीकर इंडियन नेवी मुंबई से सेवानिवृत्त विनय साव के हेल्थ, वेल्थ एंड हैप्पीनेस के लिये माइंड मास्टरी प्रोग्राम को बहुत ही उपयोगी बताया। साथ ही उन्होंने चिकित्सकों को इस विशेष कार्यक्रम में सीखी बातों को अपने चिकित्सकीय कर्म में शामिल कर रोगियों की और बेहतर तरीके से सेवा करने की बात कही। साथ ही उन्होने ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय आयोजित होने वाली एक दिवसीय विशेष कार्यशाला में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। इस चिकित्सक सम्मेलन में आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संरक्षक डॉ.आर. सी.पांडे, डॉ.जे. पी. चंद्रा, डॉ.कमलेश दुबे, डॉ.अतुल धाबू, डॉ.प्रदीप देवांगन अध्यक्ष डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, सचिव डॉ.राजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. संजय वैष्णव,कार्यकारिणी सदस्य डॉ.उपमा नायक, डॉ.देवेंद्र कश्यप, डॉ.हेमंत पटेल, डॉ.स्वाति सिंह, डॉ.संगीता शर्मा, डॉ.सपना धाबु, डॉ.अरविन्द साहू, डॉ.मूंगावति सिदार, डॉ.बंशीधर नायक, डॉ.चांदनी साहू, डॉ.सी.के.चन्द्रा, डॉ.फरजाना रिजवी, डॉ.रामगोपाल साहु, डॉ.ललित साहु, डॉ.योगेश साहू, डॉ.प्रदीप कश्यप, डॉ.राजीव श्रीवास, डॉ.अश्विनी आर्य, डॉ.सागीर खान एवं डॉ.हिमांशु यादव के अलावा वाल्टीन हेल्थ केयर दिल्ली के रीजनल सेल्स मैनेजर सूरज प्रताप सिंह, एरिया मैनेजर गगन सिंह एवं मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव लक्ष्मी कश्यप तथा आयुष मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, सदस्य तथा बड़ी संख्या में जिले के बी.ए.एम.एस. चिकित्सक विशेष रूप से उपस्थित थे ।

### प्रदर्शन से करोड़ो को नुकसान हुआ एसईसीएल को

**कोरबा।** अखिल भारतीय किसान सभा से संबद्ध छत्तीसगढ़ किसान सभा, भू-विस्थापित रोजगार एकता संघ और भूविस्थापितों के अन्य संगठनों के आह्वान पर कल सुबह से जारी कोयला की आर्थिक नाकाबंदी आज शाम 4 बजे तक लगभग 36 घंटे चली और जबरदस्त रूप से सफल रही।आंदोलन को तोड़ने और नेताओं को डराने-धमकाने की तमाम कोशिशों के असफल होने के बाद आखिरकार एसईसीएल प्रबंधक को झुकना पड़ा और जिला प्रशासन की मध्यस्थता में 21 सितम्बर को आंदोलनकारियों की तमाम मांगों पर बातचीत के लिए सहमत होना पड़ा। इस आंदोलन के कारण कोयले की ढुलाई करने वाले 4000 से ज्यादा ट्रकों के पहिये थम गए और दूसरे दिन साइलो बंद होने से ट्रेन लोडिंग भी प्रभावित हुआ।

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

## 'निर्वाचन कार्य में नियुक्त नये सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाये - कलेक्टर सौरभ



कोरबा । कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक लेते हुए निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त नये सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षित जरूर किया जाये। इसके पहले वह अपने संबंधित मतदान केंद्रों का निरीक्षण अवश्य कर लेवे। उन्होंने समीक्षा हेतु निर्धारित एजेण्डाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन हेतु मतदान केंद्रो की वेब कास्टिंग, नेटवर्क की स्थिति, सेक्टर अधिकारियों के साथ मतदान केंद्रों का निरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने आई टी कालेज में बनाये जाने वाले स्ट्रॉंग रूम मे पर्याप्त पेयजल व्यवस्था, विद्युत ट्रांसफॉर्मर, आदि की व्यवस्था हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजीव आश्रय योजना, एसईसीएल की भूमि एवं वन भूमि के पट्टे, स्कूल जतन योजना, किसान पंजीयन के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला बाल विकास द्वारा पोषण माह जन आंदोलन अंतर्गत विभागों को जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिये।

बैठक में नगर पालिक निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ कटघोरा श्री कुमार निशांत, अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जनचौपाल में आए 138 आवेदन



**कोरबा।** जिला कार्यालय में आज आयोजित जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी मांगे व समस्याएं रखी। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनचौपाल में 138 लोगों ने अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग ने सभी आवेदनों का निराकरण और आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसी प्रकार लोगों ने मुआवजा प्रकरण के निराकरण, मजदूरी भुगतान, नामांतरण, सीमांकन, सहायक उपकरण सहित अन्य आवेदन दिए।

## मतदान की जरूरत पर निबंध लिखा छात्राओं ने

**कोरबा।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वीप के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डेज़ी कुजूर एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार साहू ने लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता विषय पर महाविद्यालय की छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. संकाय की 26 छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु. देवंतिका साहू, बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर कु. नेहा पटेल बी.ए. प्रथम वर्ष और कु.मनीषा कुर्रे बी.ए. अंतिम वर्ष तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के संचालन में महाविद्यालय की हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती संध्या पांडेय, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ.ए.पी. सिंह, श्रीमती मोनिका मिंज, सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान, श्रीमती वर्षा सिंह तंवर, सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान का विशेष योगदान रहा ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी ।

## स्वस्थ गांव की अवधारणा से टीबी से मुक्त होगा पंचायत

कोरबा ।जिले के ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने हेतु टीबी मुक्त पंचायत हेतु पहल शुरू की गई है। जिले को टीबी से मुक्त करने के लिए निर्धारित समय सीमा 2025 में प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। पंचायती राज संस्थाओं में सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ''स्वस्थ गावों'' की अवधारणा की परिकल्पना की गई है।

इसी अवधारणा से स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। अब जिला तथा राज्य शासन ''टीबी मुक्त पंचायत'' पहल के तहत पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने के लिए प्रयासरत हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को सशक्त करना है जिससे कि वह टीबी संबंधित परेशानियों की भयावहता और समाधान को पहचाने और उचित संसाधनों का प्रयोग करते हुए टीबी के बढ़ते दबाव को कम कर सकें और सभी मरीजों में पुनरावृत्ति होने से रोकें। । साथ ही जन आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठकों में टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने की शर्तों, संकेतकों पर प्रगति की समीक्षा एवं कठिनाइयों का समाधान करने का प्रयास करना है। इसके अतिरिक्त समाज के सक्षम लोगों के द्वारा टीबी रोगियों को फूड बास्केट देने के लिए प्रेरित कर निक्षय मित्रों की संख्या में वृद्धि करना है। टीबी मुक्त पंचायत हेतु जिला, ब्लाक तथा ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला क्षय अधिकारी डॉ. जीएल.एस. जात्रा ने बताया कि पंचायतों को टी.बी.मुक्त घोषित करने के लिए टारगेट निर्धारित है। प्रत्येक एक हजार की जनसंख्या में 30 संभावित टीबी रोगियों की खखार जांच होना चाहिए तथा टीबी मरीजों की संख्या एक या एक से कम होना चाहिए। यदि टीबी के धनात्मक केस मिलते हैं तो उन्हें डॉट्स की प्रापर ट्रीटमेंट किया जा ना है तथा समाज के सक्षम लोगों को निक्षय मित्र बनाकर उनसे जोड़ना है जो उन मरीजों का फूड सप्लिमेंट दे सके। टीबी मुक्त पंचायतों के लिए भेजे गए दावों का सत्यापन जिला स्तरीय टीम द्वारा संकेतकों के आधार परा किया जायेगा। जिले की टीम द्वारा साल के प्रथम तिमाही में सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर मार्च के प्रथम सप्ताह तक पूरा कर लिया जायेगा तथा विश्व टीबी दिवस 24 मार्च को जिला पदाधिकारी द्वारा योग्य ग्राम पंचायतों को एक वर्ष की वैद्यता के साथ टीबी मुक्त पंचायत पुरस्कार दिया जायेगा। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन.केशरी ने संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे पंचायत को टीबी मुक्त बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा शंकास्पद मरीजों की खोज कर उनके बलगम की जांच करावें। टीबी के मरीजों को उपचार प्रदान करायें। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने हेतु इसकी कारगर रणनीति बनाएं। आरएचओ, आंगनबाड़ी कार्यकता, प्रायवेट प्रैक्टिशनर, स्वसहायता समूहों, पंचायत सदस्यों तथा गणमान्य नागरिकों के सहयोग से जन जागरूकता अभियान चलायें जिससे टीबी मुक्त भारत का संकल्प पूरा हो सके तथा जिले के लोगों से अपील किए हैं कि जिन्हें दो सप्ताह से ज्यादा खांसी हो, शाम को चढ़ने वाला बुखार हो, खुासी में खून आता हो, छाती में दर्द होता हो, भूख कम लगती हो, वजन कम हो रहा हो तथा सांस फूलता हो वे अपने बलगम की जांच मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से या स्वास्थ्य केन्द्र जाकर करायें तथा रिपोर्ट पॉजिटिव होने पर इलाज प्राप्त कर स्वस्थ्य होवें तथा टीबी मुक्त भारत बनाने में सहयोग प्रदान करें।

### रेल रोको आंदोलन को नागरिकों का मिले सहयोग,कांग्रेस की अपील

**कोरबा।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लगातार यात्री सुविधाओं को बंद किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेशव्यापी रेल रोको आंदोलन दिनांक 13.09.2023 को दोपहर 03:00 बजे परशुराम भवन (मेहर वाटिका) दुरपा रोड कोरबा के पास आयोजित किया गया है। आंदोलन में माननीय डॉ. चरणदास महंत जी, राजस्व मंत्री मान. जयसिंह अग्रवाल, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, विधायकगण मान. पुरुषोत्तम कंवर, मान. मोहितराम केरकेट्टा, जिला कांग्रेस ग्रामीण एवं शहर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों सहित कांग्रेस पार्टी के समस्त मोर्चा संगठन, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, इंटक, जिला एवं जनपद पंचायत के समस्त पदाधिकारियों, सभी मोर्चा संगठनों तथा आम नागरिकों से अपील है कि केन्द्र की भाजपा सरकार के जन विरोधी रेल सुविधाओं को बाधित करने के विरोध में आयोजित रेल रोको आंदोलन में उपस्थित होकर केन्द्र सरकार को संदेश भेजने में भागीदारी बनें।

## 101 फीट ऊंचे मंडप में विराजेंगे प्रथम पूज्य श्रीगणेश

कोरबा। जय देवा गणेशोत्सव समिति द्वारा इस वर्ष गणपति की स्थापना व विसर्जन भव्य रूप से करने जा रहा है। जिसकी तैयारियां प्रारम्भ हो चुकी है। कटघोरा का राजा की मूर्ती इस वर्ष 21 फिट ऊंची रहेगी। जिसके आगमन को लेकर भी गणेशोत्सव समिति द्वारा भव्य तैयारियां की गई। 10 सितंबर दिन रविवार को कटघोरा का राजा का आगमन हुआ । इस अवसर पर कसनिया से कटघोरा नगर तक जगह जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। धुमाल, डीजे की धुन पर लोगो ने कटघोरा का राजा का स्वागत किया। बतादें की मूर्ती निर्माण रायपुर के कलाकारों द्वारा किया गया है जोकि 8 सितंबर को रायपुर से प्रस्थान कर 9 सितंबर को संध्या कटघोरा के कसनिया पहुंची। 10 सितंबर को भव्य तरीके से कटघोरा नगर में उनका स्वागत किया गया। 18 सितंबर गणेश चतुर्थी के दिन स्थापना स्थल पर निर्माण हो रहे 101 फिट ऊंचे भव्य राम मंदिर में स्थापना की जाएगी ।

समिति द्वारा इस वर्ष कटघोरा शहीद वीर नारायण चौक समीप रैन बसेरा के सामने मैदान में बंगाल के कारीगरों द्वारा 101 फिट के आकर्षक राम मंदिर का स्वरूप में पंडाल तैयार किया जा रहा है जोकि काफी आकर्षक और भव्य होगा। कारीगरों द्वारा पंडाल को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसके लिए कलकत्ता से आये विशेष कारीगरों द्वारा भव्य राम मंदिर का प्रतिरूप देना प्रारम्भ कर दिया है। साथ ही पूरे कटघोरा नगर को भगवा ध्वजों व रोशनी से सुसज्जित किया जा रहा है।समिति ने बताया कि इस वर्ष 21 फिट ऊंचे होंगे कटघोरा का राजा। जिनका स्वरूप आकर्षक व मनमोहक होने के साथ साथ राम मंदिर भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र जोगा। जिसके लिए समिति ने भगवान श्री गणेश के आगमन से लेकर विसर्जन तक नित प्रतिदिन महा आरती के साथ विसर्जन में महा शोभायात्रा का आयोजन होना है। शोभा यात्रा में देश के अनेक राज्यों से आये कलाकारों द्वारा आकर्षक झांकियों के साथ साथ अपनी कला का भी प्रदर्शन करेंगे। जिसके लिए अभी से शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए अपील की जा रही है।जय देवा गणेश उत्सव समिति कटघोरा 30 अगस्त से प्रारम्भ गणेश चतुर्थी से प्रत्येक दिन गंगा आरती बनारस के द्वारा की जाएगी साथ ही भव्य विसर्जन शोभा यात्रा 26 सितंबर को आयोजित है। जिसमें विशेष आकर्षण गौरी कृपा धुमाल दुर्ग, शिव अघोरी झांकी बनारस, शिव की विवाह झांकी काशी, चलित झांकी राजनांदगांव, बाहुबली हनुमान जी रायपुर, बाहुबली गणेश जी रायपुर, बाहुबली शंकर जी जबलपुर, महाकाल डमरु बाजा उज्जैन, सतीश डीजे बालको, क्रेन डीजे इवेंट वाला, कठपुतली डांस ग्रुप बिलासपुर, करमा नाच देव्पहरी, राउत नाचा कछला, अघोरी की झांकी बिलासपुर, राधा-कृष्ण टीम जमशेदपुर, काली माता ग्रुप मेरठ, सुंदरी हनुमानजी पुरी, भव्य आतिशबाजी बिलासपुर, पुष्प वर्षा भाटापारा, दुलदुल घोड़ी तथा लोकल डीजे धुमाल कटघोरा, जमनीपाली इस विसर्जन शोभा यात्रा में आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## गोकुल नगर गौठान में प्रजनन शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला संपन्न



कोरबा । दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग एवं पशुधन विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वाधान के अंतर्गत आकांक्षी जिला-कोरबा के गोकुल नगर गौठान में पशु प्रजनन शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन गत दिवस किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय कृषि भवन, नई दिल्ली द्वारा पशुधन जागृति अभियान के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किया गया है। पशु बांझपन शिविर में 110 पशुओं का निशुल्क उपचार किया गया। जागरूकता कार्यशाला में विश्वविद्यालय एवं पशुधन विकास विभाग के विशेषज्ञों द्वारा पशुओं में बांझपन की समस्या से बचने के उपायों एवं उपचार, पशुओं में गर्माने के लक्षण, कृत्रिम गर्भाधान के समय की पहचान, पशु प्रजनन प्रबंधन, दुग्ध वृद्धि द्वारा आर्थिक उन्नति सहित अन्य जानकारी पशुपालकों को दी गई। इस संबंध में पॉम्पलेट सभी किसानों को उपलब्ध कराई गये। इसके अतिरिक्त मंच से भी पशुपालकों को मिनरल मिक्सचर, कृमिनाशक तथा अन्य दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. एम. एस. परमार, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. दिलीप पैकरा एवं पशुधन विकास विभाग से उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवायें, जिला-कोरबा डॉ. एस.पी. सिंह, पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. डी.के. सिंहदेव, डॉ. मयंक गोस्वामी, डॉ. एस.के. चंदन, डॉ. हितेन्द्र सोनी, डॉ. रेखा मीरे तथा डॉ. प्रियंका पाण्डे उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यशाला में ग्राम के लगभग 251 पशुपालक लाभान्वित हुये।

# हसदेव विहार कॉलोनी में समस्याओं का भरमार



**जांजगीर।** हसदेव विहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जांजगीर में व्याप्त समस्याओं को लेकर कॉलोनी वासियों द्वारा पुनः जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा है कॉलोनी की मूलभूत समस्याओं को लेकर पहले भी आवेदन दिया गया था जिसमें कलेक्टर के द्वारा आश्वाशन दिया गया था कि बहुत जल्द समस्या का निपटारा कर दिया जाएगा और मूलभूत व्यवस्था मिलने लगेगी लेकिन आज पर्यंत तक कॉलोनी की समस्या जस की तस पड़ी हुई है और नाली पानी बिजली जैसे कई मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है ऐसे में कालोनी में बसे 500 परिवार हर दिन इस मूलभूत समस्याओं से योजना मजबूर हो गए हैं एक तरफ नगर पालिका द्वारा हैंड ओवर के बाद भी किसी तरह सुविधाओं को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की है कॉलोनी वासियों द्वारा तय समय पर कॉलोनी मेंटेनेंस और पानी का लगातार अदा कर दिया जाता है बावजूद उसके पानी बिजली और मेंटेनेंस के नाम पर शून्य है।

# शिक्षकों की कमी के विरोध में किया चक्काजाम



**बम्हनीडीह।** जांजगीर जिले के ग्राम रोहदा के मिडिल स्कूल छात्र-छात्राओं ने स्कूल में शिक्षक नहीं होने से नाराज होकर मंगलवार को बम्हनीडीह बस स्टैंड के पास दोपहर 12 बजे चक्काजाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर गाड़ियां जाम में फंस गई।

आंदोलन में शामिल छात्र-छात्राओं ने बताया कि स्कूल में पढ़ाने के लिए शिक्षक कम है। जो हैं, वो भी समय पर स्कूल नहीं पहुंचते हैं। इससे क्लास में पढ़ाई भी नहीं होती है। छात्र-छात्राएं सड़क पर करीब एक घंटे तक हंगामा किया और शिक्षा विभाग के खिलाफ नारे भी लगाए। प्रदर्शन में छात्र छात्राओं के साथ उनके पालक भी शामिल थे। उनका आरोप था कि ग्राम रोहदा के मिडिल स्कूल में एक भी शिक्षक नहीं आते। छठवीं से आठवीं तक शिक्षा देने के लिए मात्र 2 शिक्षक हैं, जिससे उनकी पढ़ाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समय पर स्कूल भी नहीं पहुंचते हैं। स्कूल में बनी अव्यवस्था को लेकर ब्लॉक मुख्यालय बम्हनीडीह पहुंच कर बिर्रा चांपा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। घटना की सूचना के बाद बीईओ एमडी दिवान, चांपा तहसीलदार, थाना प्रभारी बिर्रा, चांपा, प्रशिक्षु डीएसपी संगम राम सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे उन्होंने विद्यार्थियों को काफी देर तक मनाया 1.30 बजे अटैच शिक्षक को वापस स्कूल में पदस्थ करने का आदेश देकर चक्काजाम समाप्त कराया।

दो में एक को बम्हनीडीह मुख्यालय में किया अटैच स्कूल में दो शिक्षक हैं। उनमें से एक शिक्षक बम्हनीडीह मुख्यालय में साक्षर भारत योजना में अटैच कर दिया गया है।ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कई बार शिक्षक की कमी की जानकारी दी पर स्कूल में शिक्षक की व्यवस्था नहीं कराई गई। अटैच शिक्षक को मूल शाला में जाने का आदेश दिया ट्टअटैच शिक्षक को उनके मूल शाला में पदस्थ कर दिया गया है। आदेश भी जारी किया जा रहा है।

-एमडी दीवान, बीईओ, बम्हनीडीह

## ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन 115 चालकों से वसूला जुर्माना

**जांजगीर।** ट्रैफिक नियमों को उल्लंघन करने वाले 115 वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई कर उनसे 34 हजार 700 रुपए का जुर्माना वसूल किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नो पार्किंग में खड़े 10 वाहन के चालकों से 3 हजार रुपए, बिना रिफ्लेक्टर के वाहन चलाते पाए जाने पर 37 वाहन चालक से 11 हजार 100 रुपए, नंबर प्लेट प्लेट आड़ा तिरछा लिखे 11 वाहन चालक से 33 सौ रुपए, बाइक में तीन सवारी चलने वाले 14 वाहन चालकों से 42 सौ रुपए, मौके पर कागजात नहीं मिलने 22 वाहन चालकों से 66 सौ रुपए, मालवाहक पर सवारी बैठाते पाए जाने पर 6 वाहन चालकों पर 18 सौ रुपए, वाहन का हेड लाइट आधा काला नहीं होना पाए जाने पर 4 वाहन चालकों से 12 सौ रुपए , बिना सीट बेल्ट के वाहन चालकों से 5 सौ रुपए, वाहन में पार्किंग लाइट नहीं मिलने पर 9 वाहन चालकों से 27 सौ रुपए व मोटरयान अधिनियम के अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई कर जुर्माना वसूला।

# जैजैपुर विधानसभा में भाजपा के अनेक दावेदार सक्रिय

## जिला पंचायत सदस्य गगन जयपुरिया का नाम सबसे आगे

सीताराम नायक









**जांजगीर चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा जैजैपुर विधानसभा की दावेदारी बड़ी प्रबलता से की जा रही है यहां छोटे-बड़े सभी नेता टिकट पाने की उम्मीद से क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं तथा आम जनों से टिकट मिलने की स्थिति पर सहयोग करने की अपील कर रहे हैं। यह विधानसभा भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए एक तरह से चुनौती पूर्ण सीट है। इस बार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा इस सीट को हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगाए जाने की बात कही जा रही है ताकि किसी तरह से प्रदेश में कांग्रेस सरकार के स्थान पर भाजपा की सरकार बनाई जा सके। जैजैपुर विधानसभा में भाजपा से टिकट मांगने वालों में प्रथम नाम है जिला पंचायत के सभापति गगन जयपुरिया वही भाजपा के सक्ति जिले के प्रथम अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के अलावा सुरेश साहू एवं छोटेलाल भारद्वाज के साथ गोपी सिंह ठाकुर का नाम दावेदारों में लिया जा रहा है। इसमें केवल दो नाम गगन जयपुरिया एवं कृष्णकांत चंद्रा क्षेत्र के बड़े चेहरे हैं जिन्हे टिकट मिलने का उम्मीद जनता अधिक जाता रही है । जैजैपुर विधानसभा में बसपा के पूर्व विधायक लालसाय खूंटे को हाई कोर्ट द्वारा अपात्र घोषित किए जाने के बाद उपचुनाव में निर्मल सिंह को भाजपा से विधायक बनने का मौका मिला था किंतु उसके बाद यहां कांग्रेस एवं बसपा का लगातार कब्जा है और इस सीट को अब लगभग बसपा के लिए सुरक्षित माना जा रहा है । परंतु इस चुनौती को इस बार भाजपा के नेताओं द्वारा स्वीकारते हुए इसे हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है और पुरी ताकत के साथ इस बार भाजपा जैजैपुर विधानसभा को लड़ने की तैयारी कर रही है । भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख दावेदार गगन जयपुरिया जिस दिन से जिला पंचायत का चुनाव जीते हैं तब से लेकर आज तक वह क्षेत्र में पूरी तरह से सक्रिय है विकास कार्यों के क्रियान्वयन को लेकर वह पूरी तरह से सजग दिखाई देते है,तो संगठनात्मक दृष्टि से भी वह पूरी तरह से भाजपा की मजबूती के लिए कार्य करते चले आ रहे हैं यही कारण है कि सत्ता या संगठन दोनों स्थिति में कार्यकर्ता उनसे काफी खुश है तथा एक नेता के रूप में पसंद करते हैं। भाजपा में कई चेहरे इस क्षेत्र से होने के बाद भी गगन जयपुरिया ने अपनी जनसेवा के कार्यों से लोगों में अपना नाम कमाया है । विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ-साथ के महिला बाल विकास समूह, शिक्षक संघ, कर्मचारी संगठन एवं ग्रामीण महिलाओं एव मतदाताओं को वह जोड़ने का काम करते चले आ रहे हैं। गगन जयपुरिया न केवल अपने निर्वाचित क्षेत्र से बल्कि पूरे विधानसभा के क्षेत्र में लोगों से जुड़ने का कार्य कर रहे हैं यही कहा कारण है कि आज गगन जयपुरिया भाजपा के शीर्ष दावेदारों में गिने जा रहे हैं । भाजपा से टिकट के दावेदारों में दूसरा नाम भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा का नाम लिया जा रहा है जो संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा में लंबे समय से सक्रिय है स्व. लखीराम अग्रवाल के के कृपा पात्र में गिने जाने वाले कृष्ण चंद्रा जनता में पुराने चेहरों में से एक है जिनकी दावेदारी प्रबल मानी जा रही है।

यहां तीसरे दावेदार के रूप में सुरेश साहू का नाम लिया जा रहा है सुरेश साहू जैजैपुर क्षेत्र में एक सक्रिय भाजपा नेता के रूप में जाने जाते हैं जो ग्रामीण क्षेत्र से उनका विशेष जुड़ाव है लंबे समय से भाजपा से जुड़े सुरेश साहू इस बार अपने साहू बाहुल्य मतदाताओं के बल पर तथा भाजपा के सांकनात्मक कार्य प्रणाली के भरोसे टिकट मांग रहे हैं जो चुनाव जीतने का उम्मीद लग रहे हैं। वही अनुसूचित जाति के वरिष्ठ भाजपा नेता छोटेलाल भारद्वाज इस क्षेत्र में लंबे समय से भाजपा में सक्रिय है जो पार्टी के छोटे बड़े कार्यक्रमों में प्रारंभ से ही सक्रिय भूमिका निभाते हुए रचनात्मक कार्यों के लिए हमेशा गिने जाते हैं । जैजैपुर विधानसभा अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है इसलिए छोटेलाल भारद्वाज की दावेदारी भाजपा में अहम मानी जा रही है। दावेदारों की सूची में एक नाम गोपी सिंह ठाकुर का भी नाम लिया जा रहा है जो सरकारी कर्मचारी रहे हैं तथा सेवानिवृत्ति के बाद भाजपा से टिकट की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता जय शुक्ला का नाम भी प्रमुखता से है जो इस क्षेत्र में भाजपा की जड़ को मजबूत करने में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है तथा अपने जीवन में भाजपा की संगठनात्मक ढांचा को मजबूती देते रहे हैं। बहरहाल इन दावेदारों में भाजपा किन नाम पर विचार करती है,किसे टिकट देती है यह तो समय पर ही पता चलेगा परंतु आज के चुनावी माहौल में जैजैपुर विधानसभा से भाजपा के लिए गगन जयपुरिया का नाम सबसे उचित जान पड़ता है,क्योंकि गगन जयपुरिया जात-पात के आधार पर नहीं बल्कि विकास के नाम पर भाजपा में जाने जाते हैं।

# गांव में बेचते थे शराब, 2 को एक-एक साल जेल

**जांजगीर।** गांव में अवैध शराब खपाने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो आरोपियों को एक-एक साल जेल और 25 हजार रुपए जुर्माने का सजा सुनाई है। लोक अभियोजक राजेश पांडेय ने बताया कि शिवरीनारायण स्थित डीपापारा के वार्ड नंबर 1 निवासी आरोपी मिथलेश सारथी व उसका साला विक्रम सारथी घर के सामने छोटाछपरीनुमा दुकान में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब, देशी प्लेन शराब व अंग्रेजी शराब बेचते मिले।

इस पर एएसआई कृष्ण कोसले की टीम ने उनके पास से 100-100 एमएल के 2500 पाउच व विक्रम सारथी के पास से बैग में रखी 68 पाव शराब, 180 एमएल की 12240 सीसी, 38 पाव अंग्रेजी शराब व बीयर जब्त की। आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिलने के आधार पर थाना शिवरीनारायण में उनके खिलाफ धारा 34-2, 59क आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्जकर कोर्ट में पेश किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर ने सबूतों के आधार पर दोनों आरोपियों को 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास व 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

# अंधेरी है शहर की कई सड़कें लेकिन कुछ स्थानों पर दिन में भी जल रही स्ट्रीट लाईट

**जांजगीर ।** रात होते ही शहर की सड़कें अंधेरे में डूब जा रही है। तय शेड्यूल के अनुसार शाम 6.45 बजे लाइटों का स्विच ऑन तो कर दिए जाते हैं, पर अधिकांश सड़कों पर अंधेरा पसरा रहता है। दरअसल अधिकांश जगहों की लाइट खराब है। पालिका की लापरवाही का आलम यह है कि रात में शहर की अधिकांश सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है तो दूसरी तरफ स्विच ऑफ नहीं किए जाने से नहर पार की स्ट्रीट लाइट 24 घंटे जलती रहती है। शहर के भीतर सड़कों पर लगी अधिकांश स्ट्रीट लाइट खराब हो गई है। शहर की सड़कों में लगी लाइटों को 11 घंटे 15 मिनट जलाने का नियम है। शाम को 6.45 बजे उसे चालू करने पर और दूसरे दिन सुबह 5.30 बजे बंद करने का नियम तय है, लेकिन यहां इन्हे बंद चालू करने के लिए नगर पालिका के पास कर्मचारियों की कमी है।



इसके कारण कई बार स्ट्रीट लाइट दिन में भी जलती रहती है। लगातार लाइट जलने के कारण खराब हो जा रही हैं। केरा रोड और स्टेशन जाने वाले रोड पर स्ट्रीट लाइट लगी है, पर केरा रोड के लाइट अब खराब हो रही है। रोशनी इतनी कम है कि उसके लगने का फायदा नहीं दिख रहा। शहर की सड़कों पर 110 वाट, मेन रोड से लगी गलियों में 70 वाट, उसके अलावा छोटी-छोटी तंग गलियों में 35 और 18 वाट की रोशनी कम है।

अकलतरा रोड की सारी लाइट बंद नेता जी चौक से लेकर शारदा चौक जाने वाली सड़क पर सालों पहले स्ट्रीट लाइट लगवाई गई थी। नेता जी चौक से शुरुआती हिस्से की लाइट जल रही है, बाकी बंद है या बार बार बंद चालू हो रही है। 8 से 10 खंभों में लगी लाइट बिलकुल बंद हो गई हैं।

स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए 20 लाख मंजूर ट्टशहर में स्ट्रीट लाइट लगवाने के लिए 20 लाख की स्वीकृति मिली है। जल्द ही शहर के मुख्यमार्ग या अन्य जगह पर जहां-जहां जरूरत होगी, वहां लाइटें लगवाई जाएगी। -चंदल शर्मा, सीएमओ नगर पालिका जांजगीर

## खरीदी केंद्र के प्रबंधक प्रभारियों की ली बैठक

**पामगढ़।** एसडीएम ने धान खरीदी की तैयारी को लेकर समिति प्रबंधक और प्रभारियों की बैठक ली। पामगढ़ एसडीएम आरके तम्बोली व तहसीलदार प्रियंका बंजारा ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए अनुभाग पामगढ़ अंतर्गत समस्त धान खरीदी केंद्र के समिति प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी का बैठक ली।

बैठक में किसानों के नवीन पंजीयन व संशोधन के लिए आवश्यक दस्तावेज लेकर एकीकृत किसान पोर्टल में दर्ज करने विगत वर्ष के पंजीकृत किसानों के रकबे व खसरे को पटवारियों से सत्यापन कराने, किसान की मौत की भूमि का डायवर्सन बंटवारा होने पर पंजीयन के निरस्तीकरण किसानों से जानकारी लेकर नॉमिनी दर्ज करने के साथ-साथ धान खरीदी केन्दों में आवश्यक व्यवस्था करने कहा गया।



**जांजगीर।** जिले में गणेश चतुर्थी के लिए तैयारी की जा रही है।

# जीएसटी नियम की परवाह नहीं, बड़ी मात्रा में सामान किया जप्त

**जांजगीर।** सोने के व्यवसाय में जीएसटी नियमों का पालन नहीं हो रहा। बिना ई वे बिल के ही विभिन्न प्रकार के जेवर को एक दूसरे जिले में परिवहन हो रहा है। सोमवार को चेकिंग के दौरान पुलिस ने ई-वे बिल नहीं दिखाने पर दो चेक पाइंट पर कार्रवाई करते हुए प्राइवेट कार से एक करोड़ 80लाख रुपए के जेवर जब्त किए। अब इन जेवर पर दावा करने वालों की लिस्ट तैयारकर जीएसटी टीम को सौंपेंगे। टीम की जांच में गड़बड़ी मिली तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।



विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी वीवीआईपी विजिट व चुनाव को देखते हुए जांजगीर जलिे के महत्वपूर्ण मार्गों में नाकेबंदी पॉइंट बनाए गए हैं। इसी अभियान के तहत सोमवार की शाम जिला पुलिस चांपा क्षेत्र के कोरबा रोड, हथनेवरा के पास नेशनल हाइवे में नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों वाहनों की चेकिंग कर रही थी। वाहन चेकिंग के दौरान चारपहिया वाहन सीजी 11 एएच 9546 में शंकर लाल सोनी उम्र 44 साल निवासी पुराना कालेज रोड चांपा के पास रखे बैग में कुल सोना का जेवर 509 ग्राम पन्नी सहित (10 ग्राम पन्नी), चांदी 32.643 किलो ग्राम पन्नी सहित (90 ग्राम पन्नी) मिला। वहीं चारपहिया वाहन सीजी 11 एएल 5338 में सौरभ कुमार सराफ 38 साल निवासी स्टेशन रोड चांपा के कब्जे से 1.812 किलो सोने के जेवर, चांदी 43 किलो 572 ग्राम मिला। दोनों चेकिंग पॉइंट्स में दो वाहनो में सोना, चांदी का परिवहन बिना ई वे बिल का मिला। पुलिस ने उनसे जेवर का बिल मांगे, पर वे कुछ दिखा नहीं सका। ऐसे में पुलिस ने उसे जब्त कर लिए। इसमें जब्त सोना 2.11 किलोग्राम व चांदी 75.415 किलोग्राम हैं, जिसकी बाजार में कीमत 1 करोड़ 80 लाख 17 हजार 960 रुपए रुपए बताई जा रही है। पुलिस उनके खिलाफ धारा 102 के तहत कार्रवाई की।

जीएसटी सहायक आयुक्त भोगेंद्र बहादुर जांगड़े ने बताया कि चांपा थाने में कार्रवाई की सूचना मिली है। एसडीएम जब्त सामान और उनके दावेदारों की लिस्ट भेजेंगे। व्यवसायी अगर बिल दिखाते हैं, तो फाइन लगाकर उन्हें सामान सौंप दिया जाएगा लेकिन अगर कोई गलती मिलती है तो कार्रवाई के लिए जांच प्रतिवेदन थाना भेजा जाएगा। ट्टजीएसटीमें 2 लाख रुपए से अधिक के का सोना या कीमती नगों के साथ भी ई-वे बिल जरूरी किया गया है। माल भेजने वाला व्यवसायी भी बिल को जारी कर सकता है। माल मंगाने वाला व्यवसायी भी इसे जारी कर सकता है। अगर दोनों में से किसी ने भी नहीं जारी किया है तो उस माल को अपने वाहन से भेजने वाला ट्रांसपोर्टर भी ई-वे बिल जारी कर सकता है। प्रत्येक बिल 12 अंकों का विशिष्ट नंबर होता है। उस नंबर की मदद से इसे ऑनलाइन या डिजिटल, कहीं भी चेक या वेरिफाई किया जा सकता है। इसे एप या एसएमएस के माध्यम से भी बनाया जा सकता है। रजिस्टर्ड कारोबारी, चाहे तो 50 हजार रुपए से कम के माल के लिए भी ई-वे बिल जारी कर सकता है।

ट्रांसपोर्टर किसी ऐसी सप्लाई के लिए ई-वे बिलद्य जारी नहीं करता, जहां पर बिल जारी किया जाना जरूरी था, तो उस पर 10 हजार या टैक्स चोरी के बराबर का जुर्माना लग सकता है। दोनों में से जो भी रकम ज्यादा होगी, उतना जुर्माना उसे चुकाना पड़ेगा। यहां तक कि पूरा सामान जब्त हो सकता और वाहन भी सीज किया जा सकता है।

# उप मुख्यमंत्री सिंहदेव ने डॉ. महंत को बताया प्रदेश का गौरव

**सक्ति।** 12 सितम्बर संकल्प शिविर में पहुंचे छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर चरणदास महंत प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आज सक्ती के नदेंली भांटा में आयोजित कांग्रेस के संकल्प शिविर में कार्यकर्ताओ को आने वाले चुनाव में जिस प्रत्याशी को टिकट दिया जाएगा उसे सभी कांग्रेस कार्यकर्ता प्रत्याशी के पछ में कार्य करने के लिए शपथ दिलाते टी एस सिंहदेव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा धर्मवाद की राजनीति कर रही है वहीं 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करने वाली केंद्र की भाजपा सरकार आय तो दोगुना नहीं कर पाई लेकिन डीजल पेट्रोल बीज की कीमत को दोगुनी कर दी जिंससे किसानों की कमर टुट गई और किसानों ने आत्महत्या कर ली कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ के किसान मजदूर की सरकार है आज किसानों से 20 क्विंटल धान खरीदी कर रही है और बोनस दे रही है आने वाले दिनों में?3200 प्रति क्विंटल वटल धान खरीदेगी प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कांग्रेस सरकार ने बस्तर वीडियो को हर हाथों में काम दिया विकास कराया जब भाजपा का शासन काल था तब बस्तर के बीहड़ जंगल क्षेत्र के लोगों को नक्सलाइट बताते हुए उन पर गोलियां बरसाई जाती थी आज कांग्रेस सरकार बस्तर के उन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण वासियों को हर प्रकार की सुरक्षा दे रही है चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा सक्ती विधानसभा क्षेत्र के जनता को गर्व होना चाहिए कि आप के छेत्र के विधायक इतने सशक्त हैं की मुझे और हर मंत्री को विधानसभा सभा में बोलने के लिए इनसे अनुमति लेनी पड़ती है क्योंकि आपके विधायक विधानसभा अध्यक्ष हैं और ऐसे सशक्त और मजबूत ब्यक्ती आपके छेत्र के विधायक हैं आए हुए सभी बुद्ध प्रभारी सेक्टर प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण अध्यक्ष से कहना चाहूंगा कि आने वाले चुनाव में डॉक्टर चरण दास महंत को अधिक से अधिक मात्रा में जीत कर फिर विधानसभा में भेजें आज के संकल्प शिविर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महान उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आरडीए अध्यक्ष सुभाष धूपर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल सुरेन्द्र शर्मा कृषक कल्याण बोर्ड नगर पालिका अध्यक्ष शक्ति सुषमा जयसवाल जिला प्रतिनिधि ठाकुर गुलजार सिंह जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष नरेश गेवाडीन उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिगंबर चौबे जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष साधेस्वर गावेल वरिष्ठ अधिवक्ता गिरधर जायसवाल जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष बालेश्वर साहू प्रदेश सचिव सरवन सिदार प्रदेश सचिव घनश्याम पांडे ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ग्रामीण अध्यक्ष कन्हैया कुमार अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष महबूब खान ,अध्यक्ष राजेश राठौर जिला महिला अध्यक्ष गीता देवांगन द्वाााााााा अध्यक्ष रेशमा विजय सूर्यवंशी रथ राम पटेल गुरुदेव चौधरी डमरू साहू मंडी अध्यक्ष रूपनारायण साहू अमंडुला मंडी अध्यक्ष रश्मि गैवल राकेश राठौर घनश्याम देवांगन भुरू अग्रवाल सहसराम कार्स केदार राठौर अंजू राठौर राम सजीवन देवांगन रिकी सेवक भवानी तिवारी,संतोष लाला सोनी ,सुरेश देवांगन विजय बहादुर भवानी तिवारी लव सोनी घनश्याम जायसवाल दुर्गेश जायसवाल एवम बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी त्रिलोक चंद जायसवाल ने किया संकल्प शिविर में विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण अध्यक्ष नगर अध्यक्ष सहित कांग्रेस के पदाधिकारी ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित रहे


**कार्यालय वन मण्डलाधिकारी कटघोरा वनमण्डल कटघोरा जिला- कोरबा (छ.ग.)**

फोन/फैक्स नं. 07815-250157 Email : dfokatghora@gmail.com

**//नीलाम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत कसनिया काष्ठागार में रखी गई निम्नानुसार ईमारती काष्ठ/जलाऊ चट्टा/व्यापारिक बांस/औद्योगिक बांस का नीलाम, दिनांक 20.09.2023 को प्रातः 9.00 बजे से कसनिया काष्ठागार में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जाएगा-

**विवरण**

| प्रजाति | पिछला नीलाम का शेष वनोपज | | नया वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग |
| सागौन | 10.575 | 279 | 0.000 | 0 | 10.575 | 279 |
| साल | 2036.139 | 884 | 200.000 | 300 | 2236.139 | 1184 |
| बीजा | 67.902 | 172 | 3.000 | 0 | 70.902 | 172 |
| तिंसा | 4.700 | 88 | 2.000 | 20 | 6.700 | 108 |
| शीशम | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| खम्हार | 0.220 | 29 | 0.000 | 0 | 0.220 | 29 |
| हल्दू | 1.134 | 6 | 2.000 | 0 | 3.134 | 6 |
| साजा | 34.991 | 284 | 3.000 | 50 | 37.991 | 334 |
| धावड़ा | 55.467 | 301 | 5.000 | 50 | 60.467 | 351 |
| सलिहा | 3.887 | 28 | 3.000 | 0 | 6.887 | 28 |
| नीलगिरी | 8.065 | 0 | 12.000 | 150 | 20.065 | 150 |
| शीशु | 0.000 | 0 | 2.000 | 0 | 2.000 | 0 |
| अन्य | 37.860 | 291 | 20.000 | 100 | 57.860 | 391 |
| योग (काष्ठ):- | 2260.940 | 2362 | 252.000 | 670 | 2512.940 | 3032 |
| कसनिया काष्ठागार में रखे गए जलाऊ काष्ठ | | | | | | |
| सागौन जलाऊ | 9 | चट्टा | 0 | चट्टा | 9 | चट्टा |
| सतकठा जलाऊ | 604 | चट्टा | 74 | चट्टा | 678 | चट्टा |
| कर्रा जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| सलिहा जलाऊ | 65 | चट्टा | 0 | चट्टा | 65 | चट्टा |
| योग (जलाऊ) | 678 | चट्टा | 74 | चट्टा | 752 | चट्टा |
| निस्तार डिपो पाली | | | | | | |
| सतकठा जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| योग (जलाऊ):- | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| कसनिया काष्ठागार में रखे गए बांस | | | | | | |
| व्यापारिक बांस | 0 | नग | 0 | नग | 0 | नग |
| | 0 | नो. टन | 0 | नो. टन | 0 | नो.टन |
| औद्योगिक बांस बण्डल | 300 | बण्डल | 0 | बण्डल | 300 | बण्डल |
| | 2.499 | नो.टन | 0 | नो.टन | 2.499 | नो. टन |
| योग (बांस):- | 2.499 | नो.टन | 0 | नो.टन | 2.499 | नो.टन |

| प्रजाति योग | पिछला नीलाम का शेष वनोपज | | | नया वनोपज | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | जलाऊ चट्टा | बल्ली/डेंगरी नग | लट्ठा घ.मी. | जलाऊ चट्टा | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/डेंगरी नग | जलाऊ चट्टा |
| निस्तार डिपो सक्ती (अन्य) | 23.975 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 23.975 | 0 | 0 |
| निस्तार डिपो सक्ती (सागौन) | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| निस्तार डिपो सक्ती (सतकठा) | | 0.000 | 0 | 25 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| 25 | | | | | | | | | |
| अकलतरा डिपो (सागौन) | 18.982 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 18.982 | 0 | 0 |
| बलौदा (अन्य) | 4.144 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 4.144 | 0 | 0 |
| बाराद्वार डिपो (अन्य) | 8.079 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 8.079 | 0 | 0 |
| बाराद्वार डिपो (सतकठा) | 0.000 | 0 | 22 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 22 |
| जांजगीर (अन्य) | 1.234 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 1.234 | 0 | 0 |
| पंतोरा (साल) | 2.056 | 90 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 2.056 | 90 | 0 |
| पंतोरा (बीजा) | 0.498 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.498 | 0 | 0 |
| पंतोरा (साजा) | 30.102 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 30.102 | 0 | 0 |
| पंतोरा (सागौन) | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| पंतोरा (धावड़ा) | 1.412 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 1.412 | 0 | 0 |
| पंतोरा (अन्य) | 20.238 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 20.238 | 0 | 0 |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में वनमण्डल कार्यालय व काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है। बोली बोलने के पूर्व लाटों का भली भाँति निरीक्षण कर लेवें बाद में मात्राओं आदि के ब्यौरे गलत पाये जाने पर मुआवजे या किसी अन्य राहत के लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**टीप :-** 1. क्रेता को ई.एम.डी. के साथ पेन नम्बर एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2023 एवं जी.एस.टी. नम्बर की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 2. सभी राष्ट्रीयकृत बैंक का मल्टीसिटी चेक अथवा ड्राफ्ट ही स्वीकार किए जायेंगे। अन्य बैंकों के मल्टीसिटी चेक स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

वनमण्डलाधिकारी
कटघोरा वनमण्डल कटघोरा

जी-05236/6



**न्यायालय तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया (छ.ग.)**

ईकोर्ट रा.प्र.क्र./अ-6/2022-23

**-:: ईश्तहार ::-**

सर्व साधारण ग्राम तलवापारा प.ह.नं.10 तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) तथा हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शिवकुमारी पति कान्हा श्याम जाति आहिर निवासी ग्राम सुभाष नगर चरचा कॉलरी तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया(छ.ग.) द्वारा ग्राम तलवापारा प.ह.नं.10 तहसील बैकुण्ठपुर ख.नं. 333/3 में से रकबा 0.024 हे. भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से अनावेदिका श्रीमती मंजू गुप्ता पति संतोष गुप्ता से क्रय की गई भूमि है। उक्त भूमि को आवेदिका के नाम पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध हित रखने वाले व्यक्तियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 27.9.23 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

सील

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर



**न्यायालय तहसीलदार नजूल**
**जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र.202308051100014/अ-20(1)/2022-23
ग्राम-कोरबा, प.ह.नं.16
तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोरबा, प.ह.नं.-16, तहसील व जिला कोरबा स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 3/1/क में से रकबा 3.00 एकड़ भूमि को सिख समाज कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के नाम से भूमि आबंटित किया जाना प्रस्तावित है।

इस संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 27.09.2023 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

तहसीलदार नजूल
जिला-कोरबा (छ.ग.)

## अनमोल वचन

**किसी का भला करके देखो, हमेशा लाभ में रहोगे**
**किसी पर दया करके देखो, हमेशा याद में रहोगे !**

## रात्रिभोज पर विपक्षी मुख्यमंत्रियों की राजनीति

भारत में या दुनिया के किसी भी लोकतंत्र में यह सिर्फ कहने की बात होती है कि अमुक बात पर राजनीति नहीं होनी चाहिए या अमुक बात राजनीति से परे है। असल में हर बात पर राजनीति होती है, चाहे होती हुई दिखे या न दिखे। यहां तो जी-20 देशों के मेहमानों के लिए आयोजित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रात्रिभोज में साफ-साफ राजनीति होती हुई दिखी। शुरुआत केंद्र सरकार ने की, जिसने इस पूरे आयोजन को सरकारी बना दिया और यह तय किया कि सिर्फ सरकार के लोगों को बुलाया जाएगा। तभी विपक्षी पार्टियों के मुख्यमंत्री बुलाए गए लेकिन विपक्ष के नेता नहीं बुलाए गए। इसके बाद मुख्यमंत्रियों ने अलग राजनीति की। जो रात्रिभोज में पहुंचे उनकी अलग राजनीति थी और जो नहीं पहुंचे उनकी अपनी राजनीति थी। पहले नहीं पहुंचने वालों को देखें। विपक्षी पार्टियों के जो मुख्यमंत्री रात्रिभोज में नहीं पहुंचे उनमें से तीन के यहां अगले दो महीने में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव इसलिए नहीं गए कि उनके यहां चुनाव होने वाले हैं और वे भाजपा और केंद्र सरकार के विरोध की अपनी राजनीति को जरा सा भी कमजोर होने देना अफोर्ड नहीं कर सकते थे। केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन नहीं गए और उसका कारण वैचारिक था। वामपंथी पार्टियों का मानना है कि यह पूरा आयोजन पश्चिमी देशों के वर्चस्व वाला है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इसलिए नहीं गए क्योंकि केजरीवाल और उनकी पार्टी का पूरा राजनीतिक नैरेटिव भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लड़ने का है। विपक्ष का चेहरा बनने के लिए वे जो प्रयास कर रहे हैं उसमें यह उम्मीद नहीं की जा सकती थी कि केजरीवाल सम्मेलन में जाकर प्रधानमंत्री और मंत्रियों के साथ फोटो खिंचवाते। विपक्षी पार्टियों के जो मुख्यमंत्री रात्रिभोज में शामिल हुए उनकी अपनी राजनीति थी। पिछले करीब डेढ़ साल से सरकारी कार्यक्रमों का बहिष्कार कर रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसमें शामिल होकर बिहार की जनता को मैसेज दिया है कि उनका भाजपा के प्रति सद्भाव है तो कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को मैसेज है कि जल्दी से उनको संयोजक बनाया जाए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को नौ सितंबर को ही ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। उस दिन वे राष्ट्रपति के डिनर में चले गए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन रात्रिभोज में शामिल हुए। इसका कारण यह था कि उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन को लेकर जो बयान दिया था उसका राज्य में तो राजनीतिक लाभ है लेकिन देश के स्तर पर पार्टी के अलग थलग होने का खतरा है। सो, स्टालिन पिता-पुत्र एक कदम आगे, दो कदम पीछे की राजनीति कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एकमात्र सिरदर्द चुनाव में हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण रोकने की है। तभी वे किसी न किसी तरह से राज्य के हिंदू मतदाताओं को मैसेज देती रहती हैं कि वे भाजपा और आरएसएस के वैसे खिलाफ नहीं हैं, जैसा दिखाया जाता है। उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी पर गिरफ्तारी की तलवार भी लटक रही है।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। ज्यादा व्यस्त रहने के कारण आप अपने आस पास ध्यान नहीं दे पाएंगे। अपनों के प्रति प्रेम और विश्वास बढ़ेगा। सभी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप परिवार के सदस्य की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। रचनात्मक कार्य में आप सूझबूझ से आगे बढ़ेंगे।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जाएंगे।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर बहुत ही सोच समझकर भरोसा करें।

**कर्क राशि-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीतिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग मिलेगा, जिससे आप अपने कार्यों को समय पर पूरा करा लेंगे। आज छात्रों को पढ़ाई में आ रही रुकावटों से छुटकारा मिलेगा।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लें। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको आर्थिक मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

**तुला राशि-** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस के कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पास के किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज आपको कर्ज से छुटकारा मिलेगा, जिससे रिलेक्स महसूस करेंगे। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का प्रयत्न करें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अच्छी होगी।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए दिन अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है, इसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। आज आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए प्लान तैयार करेंगे। आपको आज नई नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आय के नए-नए रास्ते मिलेंगे। जीवनसाथी आज आपकी बातों को अच्छे से समझेंगे।

# जी-20 का डंका बजता रहेगा

//अजीत द्विवेदी//

**जी-20 का शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया है लेकिन उसका डंका बजना अभी जारी रहेगा। अभी तक भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने और उसके आयोजन की तैयारियों को लेकर जय-जयकार हो रही थी लेकिन अब सफल आयोजन का डंका बजेगा। दुनिया भर के देशों के नेता दिल्ली से लौटते लौटते भारत के आयोजन की तारीफ करके गए हैं। जी-20 के नए अध्यक्ष ब्राजील के राष्ट्रपति इनासियो लूला डी सिल्वा ने तो यहां तक कहा कि उनका देश भारत की तरह ही आयोजन करने की भरपूर कोशिश करेगा। आयोजन की भव्यता के साथ साथ इसकी सफलता को लेकर भी बहुत चर्चा हुई है।**

नई दिल्ली घोषणापत्र पर सौ फीसदी सहमति की तारीफ अलग अलग तरह से सभी देशों ने की। इस घोषणापत्र को रूस ने अपनी जीत बताया तो फ्रांस के राष्ट्रपति ने यूरोप की जीत बताया। भारतीय मीडिया में इस बात का भरपूर प्रचार हुआ कि भारत ने 37 पन्नों और 83 पैराग्राफ के नई दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति बनवाई। यह भारत की कूटनीतिक जीत है कि इसकी तारीफ रूस भी कर रहा है और यूरोप भी। सारी दुनिया भारत के नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ कर रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यह कह कर भारत का मान और बढ़ा दिया कि सही समय पर सही देश को जी-20 का नेतृत्व मिला। इस तरह जी-20 की कूटनीति के बाद अब इसके राजनीतिक इस्तेमाल के लिए मैदान सज गया है।

ऐसा नहीं है कि पहले इसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं हो रहा था। जब से भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली तभी से इसका इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वगुरू की छवि बनाने के लिए किया जाने लगा था। उसके बाद एक सच्चे और बड़े इवेंट के आयोजक की तरह प्रधानमंत्री ने इसका विस्तार बहुत व्यापक कर दिया। पिछले साल दिसंबर में भारत को इसकी अध्यक्षता मिली थी उसके बाद नौ महीने में देश के 60 शहरों में जी-20 से जुड़ी 220 से ज्यादा बैठकें हुईं। इन बैठकों में दुनिया के अलग अलग देशों के 25 हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। ब्राजील में सिर्फ पांच शहरों में बैठकें होंगी। भारत में पर्यटन से लेकर खाद्य सुरक्षा और लघु व छोटे उद्योगों से लेकर स्वास्थ्य तक हर क्षेत्र के बारे में विचार किया गया और उसका रोडमैप तैयार किया गया। अफ्रीकी संघ के 55 देशों की इसमें बड़ी भागीदारी रही और जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन अफ्रीकी संघ को जी-20 का हिस्सा बनाने का ऐलान हुआ। भारत को इसका श्रेय मिला कि उसने वसुधैव कुटुम्बम और अपने समावेशी विकास के सिद्धांत पर चलते हुए अफ्रीका को इस विकसित देशों के समूह का हिस्सा बनवाया।आमतौर पर वित्त और विदेश नीति से देश की आम जनता को कोई खास मतलब नहीं होता है। तभी 24 घंटे चलने वाले न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया के बावजूद बजट से लोगों को इतना ही मतलब होता है कि क्या महंगा हुआ और क्या सस्ता और कूटनीति से सिर्फ इतना सरोकार होता है कि पाकिस्तान को भारत ने ठीक कर दिया, पाकिस्तान जाकर क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं, उनके यहां आना-जाना बंद कर दिया है आदि। थोड़े पढ़े लिखे लोगों का सरोकार इतना होता है कि अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, कनाडा आदि का वीजा मिल जाए। यह पहला मौका था, जब सरकार ने जी-20 के बहाने कूटनीति को पढ़े-लिखे, सम्भ्रांत शहरी वर्ग के ड्राइंग रूम से निकाल कर गांव-कस्बों के चौपाल और चाय की दुकान तक पहुंचा दिया। पिछले नौ महीने से हर व्यक्ति जी-20 के बारे में बात करता हुआ था। उसे इसका एजेंडा भले न मालूम हो लेकिन यह पता चल गया था कि भारत में बहुत बड़ा आयोजन हो रहा है, जिसमें दुनिया की सारी महाशक्तियों के नेता नई दिल्ली में जुट रहे हैं। सरकार, भाजपा और आरएसएस के प्रचार तंत्र से उनको यह भी पता चल गया था कि मोदी हैं तभी ऐसा हो रहा है। देश की ज्यादातर आबादी अब भी यही मान रही है कि पहली बार इस तरह का आयोजन भारत में हुआ है।

बची खुची कसर आयोजन के तीन दिन यानी आठ और दस सितंबर की कवरेज ने पूरी कर दी। दुनिया के महाबली देशों के विमानों का हवाईअड्डे पर उतरना, नेताओं का भारत मंडपम में पहुंचना, मोदी का उन्हें गले लगाना, दुनिया की महाशक्तियों के बीच बैठे मोदी का गैवल यानी हथौड़ा पीटना और राजघाट पर एक साथ 20 से ज्यादा नेताओं और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों का नेतृत्व करते हुए उन्हें महात्मा गांधी की समाधि पर ले जाना, इन सबसे बेहद पावरफुल तस्वीर बनी। भूख, बेरोजगारी, गरीबी अपनी जगह है और गर्व अपनी जगह है। राष्ट्र का सम्मान, तिरंगे का गौरव आदि ऐसी भावनाएं हैं, जो नागरिकों को अपने जीवन की तमाम असुविधाओं और परेशानी से आगे ले जाती हैं। इस आयोजन के बाद यह कहते हुए बहुत से लोग मिल जाएंगे कि 'कुछ भी हो मोदी ने कमाल कर दिया'। यह धारणा अपने आप भाजपा और नरेंद्र मोदी का चुनावी स्टॉक ऊंचा करने वाली है। इसके बाद जो प्रचार होगा उससे रही सही कसर और पूरी हो जाएगी। प्रचार की शुरुआत भी हो गई है। शिखर सम्मेलन समाप्त होने के तुरंत बाद सरकार के मंत्रियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कमान संभाली। दोनों ने शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए मोदी को बधाई दी। इस आयोजन के लिए भारत के शेरपा रहे अमिताभ कांत और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहले ही दिन ऐलान कर दिया कि भारत का नेतृत्व दुनिया में घोषित हो गया। अखबारों में यह लिखा जाने लगा कि जी-20 का सफल आयोजन भारत के लिए वही लम्हा है, जो 2008 में बीजिंग ओलंपिक का आयोजन चीन के लिए था। यानी जिस तरह से बीजिंग ओलंपिक के आयोजन के बाद चीन महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ा उसी तरह भारत जी-20 के आयोजन के बाद बढ़ेगा। इस आयोजन के बाद दो और आयोजन की घोषणा हो चुकी है। पहले 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जय-जयकार होगी, उनका अभिनंदन होगा। फिर मोदी ने नवंबर में जी-20 के एक वर्चुअल सम्मेलन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें नई दिल्ली घोषणापत्र के प्रस्तावों पर अमल की समीक्षा होगी। प्रधानमंत्री मोदी चाहेंगे कि दिल्ली सम्मेलन की चर्चा होती रहे। इस बीच 'यह समय युद्ध का नहीं है' के अपने जुमले के लिए मोदी नोबल पुरस्कार के लिए नामित होते हैं तो उसकी अलग चर्चा होगी। अगर जी-20 के एजेंडे को देखें और इसके प्रस्ताव पर नजर डालें तब भी सब कुछ अच्छा अच्छा दिखेगा। इसमें बार बार वसुधैव कुटुम्बकम की बात है, समावेशी विकास की बात है, लैंगिक समानता व सभी महिलाओं को सशक्त बनाने की चर्चा है, भविष्य के लिए हरित विकास की बात है, टिकाऊ विकास और डिजिटल डिवाइड को दूर करने की बात है, बहुपक्षीय संस्थानों के निर्माण पर जोर है और दुनिया के देशों के बीच एकता बनाने की बात है। 'वन अर्थ, वन फैमिल, वन फ्यूचर' का संदेश है। नई दिल्ली घोषणपत्र में 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल नहीं हुआ लेकिन पहले इसकी इतनी चर्चा हो चुकी है कि भाजपा के तमाम नेता भारत को 'ग्लोबल साउथ' की सबसे प्रमुख आवाज के तौर पर उभरने का दावा कर रहे हैं। अगले दो महीने में होने वाले राज्यों के चुनाव और अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए यह प्रचार का मुख्य एजेंडा होगा कि भारत ने नई दिल्ली घोषणापत्र पर सौ फीसदी सहमति बना कर असंभव को संभव बनाया, 55 देशों के अफ्रीकी संघ को जी-20 का सदस्य बनाया, जिसके बाद इसक नाम जी-21 हो गया और 'ग्लोबल साउथ' की प्रमुख आवाज बन कर उभरा। हैरानी नहीं होगी अगर भाजपा के घोषणापत्र में नई दिल्ली घोषणापत्र की चीजें शामिल हों।

## महिला कैदियों की बदहाली

महिला कैदियों की हालत पुरुष कैदियों से कहीं ज्यादा ज़्यादा खराब है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2014-19 के बीच महिला कैदियों की संख्या 11.7 फीसदी बढ़ी। लेकिन सिर्फ 18 प्रतिशत को महिलाओं के लिए बनी विशेष जेलों में जगह मिली है। आधुनिक न्याय व्यवस्था का सिद्धांत है कि सजा का मकसद अपराधियों को आत्म-ग्लानि का मौका देना और उन्हें सुधरने का पूरा अवसर उपलब्ध कराना है। बदले की भावना या क्रूरता के जरिए समाज में मिसाल कायम की सोच पुरातन या मध्य-युगीन परिपाटी है, जब तर्क एवं विवेक आधारित सभ्यता अविकसित अवस्था में थी। इसीलिए जिन देशों में आधुनिक न्याय व्यवस्था को अपनाया गया है, वहां जेलों में अधिक से अधिक मानवीय स्थिति बनाना जरूरी समझा जाता है। इस कसौटी पर भारत के अंतर्विरोध जग-जाहिर रहे हैं। सिद्धांतः अपने देश में आधुनिक न्याय व्यवस्था अपनाई गई है, लेकिन व्यवहार में हालात उलटे हैं। महिला कैदियों के बारे में आई एक नई रिपोर्ट ने इसी धारणा की पुष्टि की है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि महिला कैदियों की हालत पुरुष कैदियों से कहीं ज्यादा ज़्यादा खराब है। इसमें बताया गया है कि 2014 से 2019 के बीच महिला कैदियों की संख्या 11.7 फीसदी बढ़ी। लेकिन सिर्फ 18 प्रतिशत को महिलाओं के लिए बनाई गई विशेष जेलों में जगह मिली है। 75 फीसदी महिला कैदियों को रसोई और शौचालय पुरुषों के साथ साझा करना पड़ता है। जेलों की इस खराब स्थिति की तस्वीर जस्टिस अमिताव रॉय की अध्यक्षता वाली कमेटी की रिपोर्ट में सामने आई है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने चिंता जताई थी कि कई राज्यों की जेलों में क्षमता से डेढ़ गुना ज़्यादा कैदी हैं। इसे मानवाधिकार हनन का गंभीर मामला बताते हुए तब कोर्ट ने यह कमेटी बनाई गई। तीन सदस्यों वाली इस कमेटी का मकसद यह जानना था कि भारतीय जेलों में क्या हालात हैं। कमेटी ने दिसंबर 2022 में अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी थी, लेकिन उसमें दिए गए निष्कर्ष अब मीडिया में आए हैं। इसके पहले एनसीआरबी की 2021 की रिपोर्ट से सामने आया था कि 21 राज्यों में महिलाओं के लिए अलग जेल तक नहीं है। उधर महिलाओं के खिलाफ जेल में हुए अपराध की शिकायते दर्ज करने की व्यवसथा सिर्फ 11 राज्यों में है। जब ये हाल हो, तो महिलाओं के लिए मासिक धर्म या गर्भावस्था में जरूरी सुविधाओं की अपेक्षा करना निराधार ही मालूम पड़ता है।

# मोदी आए और बॉय कर गए !

//श्रुति व्यास//

**जी20 डायरी-3 : जी-20 के मीडिया मंडपम मेंरविवार को लंच के बाद अचानक चहल-पहल बढ़ी। एक के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस होने लगी। पीक समय तब आया जब मंडपम में एसपीजी और एनएसजी के लोग और खोजी कुत्ते दिखलाई दिए। लगा शायद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां आने वाले हैं। करीब पांच बजे बताया गया कि प्रधानमंत्री वहां आएंगे। और जितने भीपत्रकार मौजूद थे वे उनके इंतजार में बेरीकेडों के पीछे भीड़ बनाकर खड़े हो गए। सात बजे तक इंतजार था। प्रेस वाले बोर हो चुके थे और थके हुए थे बावजूद इसके सभी उम्मीद में थे कि वे आएंगे तथा फोटो खींचने और उनसे कुछ प्रश्न करने का मौका मिलेगा।दो घंटे की इंतजारी के बाद प्रधानमंत्री आए, पत्रकारों की ओर हाथ हिलाते हुए चक्कर लगाया। कोई पांच मिनट। अचानक एक औरसे नारे सुनाई दिए मोदी,मोदी और जयश्री राम! और प्रधानमंत्री मीडिया मंडपम से बाहर निकल गए।**

तमाम पत्रकार उम्मीद में थे कि प्रधानमंत्री फोटो खींचवाएंगे, वैसे ही प्रेस कांफ्रेंस करेंगे जैसे लंच के बाद एक-एक कर विश्व नेताओं ने आ कर की। मैं दिन के अनुभव में यह सोचते हुएप्रभावित थी कि कैसे कई राष्ट्राध्यक्ष और शीर्ष व्यक्तित्व छोटी गोल्फ गाड़ी से एकदम आम आदमी की तरह मीडिया मंडपम में पहुंचे। और फिर बेधडक प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित किया। पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर दिए। सचमुच दोपहर बाद हम मीडियाकर्मी एकदम व्यस्त हो गए। इस डायरी की लेखिका यों आधा दिन गुजरने के बाद वहां पहुंची परंतु तब भी देर नहीं हुई थी। राजघाट में बापू को श्रद्धांजलि की रस्म अदायगी हो चुकी थी। बीस्ट और अमेरिका के राष्ट्रपति दिल्ली छोड़ चुके थे। शहर के नागरिकों पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों में ढील दी जाने लगी थी। भारत ने जी-20 का नेतृत्व औपचारिक रूप से ब्राजील को सौंप दिया था।जब मैं मीडिया मंडपम में पहुंची तब तक काफी बड़ी संख्या में पत्रकार जा चुके थे और बाकी भी जाने की तैयारी कर रहे थे। अधिकांश के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति की विदाई का मतलब था समाचारों के स्त्रोत का सूख जाना। उनके लिए अब इस आयोजन में कुछ खास करने को बचा नहीं था। आज लाल कालीन भारत मंडपम को अंतर्राष्ट्रीय मीडिया सेंटर से जोड़ रहा था। तभी फ्रांस के राष्ट्रपति से लेकर इटली की प्रधानमंत्री तक और उनसे लेकर विश्व बैंक के मुखिया तक प्रेस की बातचीत होती हुई थी। विदेशी नेताओं की फोटो खींची जा रही थी और प्रेस उनके कहे एक-एक शब्द को ध्यान से सुन रही थी। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ और जर्मन चासंलर ओलाफ शुल्ट्ज ने सम्मेलन के दूसरे दिन ही प्रेस कान्फ्रेस संबोधित कर दी थी। इसके बाद भी तीसरे दिन की दोपहर में प्रेस वार्ताओं की बहार थी। प्रधानमंत्री मोदी के साथ लंच के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अपने सुरक्षा कर्मियों और मंत्रियों के साथ मीडिया मंडपम में पहुंचे। उनकी प्रेस कान्फ्रेंस कुछ अपवादों को छोड़कर केवल फ्रेंच प्रेस तक सीमित थी। उनकी प्रेस कान्फ्रेंस का सार यह था कि जी-20 घोषणापत्र रूस के लिए कूटनीतिक जीत नहीं है और ऐसा लगता है कि इस सम्मेलन में रूस अलग-थलग पड़ गया। उन्होंने कहा कि जी-20 की स्थापना अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों को सुलझाने के लिए की गई थी और इसलिए यह आवश्यक नहीं है कि वहां यूक्रेन में चल रहे युद्ध के मामले में कोई कूटनीतिक प्रगति हो।

मैक्रों पत्रकारों से बात कर ही रहे थे कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो एक गोल्फ कार्ट में मीडिया मंडपम में पहुंच। उनके साथ बहुत कम सुरक्षाकर्मी थे। जहां तक ट्रूडो साहब का सवाल है ऐसा बताया जा रहा है कि उनकी उपेक्षा की गई और उनके और मोदी के बीच कोई द्विपक्षीय बैठक आयोजित नहीं की गई। इसके पीछे खालिस्तान का पेंच था या कुछ और, यह कहना मुश्किल है।

## //प्रतिष्ठा बच गई!//

यह स्पष्ट नहीं है कि भारत सरकार ने कैसे पश्चिमी देशों को पलक झपकाने और अपने घोषित रुख से पीछे हटने के लिए राजी किया। लेकिन ऐसा वास्तव में हुआ। यह दुनिया के बदलते समीकरणों की एक झलक है। जी-20 के नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में साझा घोषणापत्र का जारी होना जाना निश्चित रूप से एक बड़ी कामयाबी है। इसे भारत की एक विशेष कूटनीतिक सफलता भी कहा जा सकता है। यह सफलता इसलिए अधिक महत्त्वपूर्ण मालूम पड़ती है, क्योंकि एक दिन पहले तक घोषणापत्र पर आम सहमति बनने की न्यूनतम संभावना नजर आती थी। शिखर सम्मेलन से पहले भारत में जी-20 देशों के विदेश, वित्त और पर्यावरण मंत्रियों की हुई बैठकों के बाद कोई साझा बयान जारी नहीं हो सका था। वजह यह थी कि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश इस पर अड़े हुए थे कि ऐसे किसी बयान में 'यूक्रेन पर हमले' के लिए रूस की दो टूक शब्दों में निंदा होनी चाहिए। उधर रूस और चीन अडिग थे कि उन्हें ऐसा कोई बयान मंजूर नहीं होगा। पिछले साल इंडोनेशिया के बाली में हुए शिखर सम्मेलन इस मामले में इन दोनों देशों ने कुछ नरम रुख दिखाया था, जिससे पश्चिमी देश निंदा को घोषणापत्र में शामिल करवाने में सफल हो गए थे। मगर अब रूस और चीन का रुख अधिक सख्त हो चुका था। इससे भारत की चुनौतियां बढ़ गई थीं। अब यह स्पष्ट नहीं है कि भारत सरकार ने कैसे पश्चिमी देशों को पलक झपकाने और अपने घोषित रुख से पीछे हटने के लिए राजी किया। लेकिन ऐसा वास्तव में हुआ। बल्कि घोषणापत्र में रूस और चीन की इस राय को भी शामिल किया गया कि जी-20 वास्तव में आर्थिक मुद्दों पर बना मंच है, जिसमें भू-राजनीतिक मसले शामिल नहीं किए जाने चाहिए।

## तस्वीरों की दुनिया



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू में सीमा सड़क संगठन द्वारा निर्मित देवक ब्रिज राष्ट्र को समर्पित किया।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली में स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) से पीड़ित एक बच्चे कनव से मुलाकात की, जिसके परिवार ने क्राउडफंडिंग के माध्यम से उसके इलाज के लिए धन जुटाया था।



पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, बसवराज बोम्मई और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कतील बेंगलुरु के जगन्नाथ भवन में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए।



एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के देवरी गांव में बारिश के कारण आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया।



टीएमसी सांसद नुसरत जहां कोलकाता में एक रियल एस्टेट कंपनी, जिसकी वह निदेशक थीं, द्वारा कथित धोखाधड़ी के मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने पहुंची।



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने कुल्लू दौरे के दौरान हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर के साथ बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया।



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने पटना में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

# लीबिया की विनाशकारी बाढ़ में 5300 लोगों की मौत, रेड क्रास ने कहा- करीब 10 हजार लोग हैं लापता



डेरना, 13 सितम्बर [एजेंसी]।

लीबिया में विनाशकारी तूफान डेनियल के बाद आई बाढ़ ने डेरना शहर में भीषण तबाही मचाई है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद अबू-लामोशा के मुताबिक, डेरना में मरने वालों की संख्या 5300 से अधिक हो गई है। पहले एंबुलेंस प्राधिकरण ने मरने वालों की संख्या 2300 बताई थी। बाढ़ का पानी रविवार को बांध को तोड़ कर शहर में दाखिल हुआ और एक पूरे इलाके को अपने साथ बहा ले गया।

डेरना में अब तक 1500 शवों को बरामद किया जा चुका है। हालांकि इस बात की पूरी आशंका है कि मरने वालों की संख्या इससे बहुत ज्यादा होगी।अंतरराष्ट्रीय संस्था रेड क्रास और रेड क्रिंसेट सोसायटी के अनुसार, बाढ़ के कारण करीब 10 हजार लोग लापता हैं। आपदा मामलों के मंत्री हिचेम चिकीओत ने बताया,मैं डेरना के विनाशकारी बाढ़ को देखकर लौटा हूं। चारों तरफ शव बिखरे पड़े हैं। अस्पतालों में शव रखने की जगह कम पड़ रही है। क्षति की वास्तविक संख्या बहुत बड़ी है। चिकीओत ने बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि लापता लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शहर को आपदा क्षेत्र घोषित किया गया है। बाढ़ की वजह से पूर्वी लीबिया के कई शहरों में घर और अन्य संपत्तियां नष्ट हो गई हैं।लीबिया में अमेरिका के विशेष दूत रिचर्ड नार्टन ने कहा है कि हम यूएन के साझेदारों के साथ समन्वय करते हुए लीबिया को सहायता भेज रहे हैं। मिस्त्र, कतर, ईरान और जर्मनी ने भी बाढ़ से तबाह हो चुके लीबिया को सहायता भेजने की बात कही है।

## भारतीय शेयर बाजार में चल रहा तीसरा बड़ा बुल रन, अगले 5 से 10 साल तक जारी रहेगा

*नई दिल्ली। सकारात्मक वैश्विक संकेतों और नई दिल्ली में आयोजित हुए जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता से भारतीय शेयर बाजार का सबसे प्रमुख सूचकांक निफ्टी सोमवार को पहली बार 20 हजार अंक के पार पहुंच गया। मंगलवार को भी यह दिन भर 20 हजार के ऊपर बना रहा, हालांकि सत्र की समाप्ति पर मुनाफावसूली के चलते निफ्टी 20 हजार से नीचे आ गया। 19 हजार से 20 हजार का यह सफर निफ्टी ने 52 कारोबारी दिनों में पूरा किया। विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय शेयर बाजार एक लंबे बुल रन से गुजर रहे हैं और यह अगले 5 से 10 साल से पहले रुकने की आशंका नहीं है।*

# पृथ्वी से 8.6 गुना बड़े ग्रह पर मिला जीवन का साक्ष्य! नासा के दावे में कितनी सच्चाई




वाशिंगटन, 13 सितम्बर [एजेंसी]।

नासा ने पृथ्वी के अलावा एक ऐसे ग्रह का पता लगाया है, जहां जीवन होने के अस्थायी सबूत मिले हैं। नासा के डेटा से पता चला है कि इस ग्रह पर पानी से ढकी सतह हो सकती है। नासा के मुताबिक, पृथ्वी से कई प्रकाश वर्ष दूर एक विशाल एक्सोप्लैनेट पर एक दुर्लभ जल महासागर का पता चला है। यह एक्सोप्लैनेट पृथ्वी से 8.6 गुना बड़ा है। यहां मीथेन और कार्बन डाई ऑक्साइड समेत कई अणुओं का पता चला है। यह खुलासा जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए K2-18b में एक जांच के बाद हुआ है। बताया जाता है कि K2-18b में एक हाइसीन एक्सोप्लैनेट हो सकता है, जहां हाइड्रोजन और समुद्र से ढकी सतह होने की संभावना है। पृथ्वी से करीब 120 प्रकाश वर्ष दूर Leo तारामंडल में K2-18b नामक बौना तारा स्थित है। इसी में K2-18 b मौजूद है। यह एक्सोप्लैनेट सौरमंडल का हिस्सा नहीं है। ये पृथ्वी और नेपच्यून के बीच स्थित हैं। नासा के मुताबिक, K2-18 b में मीथेन और कार्बन डाई ऑक्साइड प्रचुर मात्रा में मौजूद हैं, जबकि अमोनिया की कमी है। इससे इस परिकल्पना को बल मिलता है कि यहां हाइड्रोजन समृद्ध वातावरण के नीचे एक जल महासागर मौजूद हो सकता है। इससे अब डाइमिथाइल सल्फाइड अणु का पता लगाने में भी आसानी होगी। किसी भी ग्रह में जीवन के लिए DMS जरूरी होता है। पृथ्वी के वायुमंडल में डाइमिथाइल सल्फाइड अणु का बड़ा हिस्सा समुद्री वातावरण में फाइटोप्लांकटन से उत्सर्जित होता है।

एक्सोप्लैनेट K2-18b को नासा के K2 मिशन के हिस्से के रूप में 2015 में खोजा गया था। हाल के कुछ समय से वैज्ञानिक इस पर गहन अध्ययन कर रहे हैं। K2-18b सौरमंडल के बाहर एक तारे की परिक्रमा करता है।

## खाना परोसने को लेकर हुई कहासुनी, दो लोगों ने रेस्त्रां मालिक पर किया कृपाण से हमला

नईदिल्ली, 13 सितम्बर [एजेंसी]।

रेस्त्रां में खाना परोसने से इनकार करने पर दो युवकों ने रेस्त्रां के मालिक पर कृपाण से हमला बोल दिया। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।तितारपुर गांव निवासी गगन टैगोर गार्डन सर्विस सेंटर में रेस्त्रां चलाते हैं। सात सितंबर को रेस्त्रां में मेंटेनेंस से जुड़े कार्य हो रहे थे, इस वजह से गगन यहां मौजूद थे। देर रात को ही यहां दो युवक आए और उन्होंने गगन से खाना परोसने को कहा। गगन ने कहा कि रेस्त्रां बंद है, वे खाना नहीं दे सकते। इतना सुनते ही दोनों युवक गगन से उलझ पड़े।आरोप है कि हंगामे के बीच दोनों आरोपितों ने अपनी कृपाण निकाली और गगन पर हमला कर दिया। गगन को पीठ में चोट आई। इसके बाद आरोपित वहां से फरार हो गए। आरोपितों के फरार होने के बाद गगन थाना गए और मामले से पुलिस को अवगत कराया।पुलिस ने गगन की मेडिकल जांच कराई। पहले तो गगन ने पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया, लेकिन बाद में स्वजन से सलाह मशविरा के बाद वे पुलिस से फिर मिले और कार्रवाई की मांग की।पुलिस को गगन ने घटना से जुड़ी जानकारी दी और आरोपतों के बारे में बताया कि वे स्कूटी से आए थे। दोनों के हुलिए के बारे में भी बताया। अब पुलिस इस मामले में आरोपितों की तलाश में जुटी है।

# अकेले में चुपचाप अश्लील वीडियो देखना अपराध नहीं: केरल हाई कोर्ट




कोच्चि, 13 सितम्बर।

केरल हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी के निजी समय में दूसरों को दिखाए बिना अश्लील तस्वीरें या वीडियो देखना कानून के तहत अपराध नहीं है। हाई कोर्ट ने कहा कि इस तरह के कृत्य को अपराध घोषित करना किसी व्यक्ति की निजता में दखल और उसकी निजी पसंद में हस्तक्षेप होगा।

जस्टिस पी वी कुन्हिकृष्णन ने आइपीसी की धारा 292 के तहत एक 33 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ अश्लीलता के मामले को रद कर दिया है। आरोपित को 2016 में पुलिस ने अलुवा महल के पास सड़क के किनारे अपने मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो देखते हुए पकड़ा था। कोर्ट का यह फैसला आरोपित व्यक्ति पर एफआईआर और उसके खिलाफ अदालती कार्यवाही को रद करने की याचिका पर आया।कोर्ट ने कहा कि अदालत ने कहा कि अश्लील सामाग्री सदियों से प्रचलन में थी और नए डिजिटल युग ने इसे बच्चों के लिए भी अधिक सुलभ बना दिया है। फैसले में स्पष्ट किया गया है कि किसी अश्लील वीडियो को दूसरों को दिखाए बिना निजी तौर पर देखना आइपीसी की धारा 292 के तहत अश्लीलता का अपराध नहीं होगा। कोर्ट ने आगे कहा कि मेरी राय है कि, किसी व्यक्ति द्वारा अपनी प्राइवेसी में अश्लील फोटो देखना अपने आप में अपराध नहीं है। यदि आरोपित किसी अश्लील वीडियो या फोटो को प्रसारित या वितरित करता है या सार्वजनिक रूप से दिखाने की कोशिश कर रहा है, तो अकेले आईपीसी की धारा 292 के तहत यह अपराध माना जाएगा। हालांकि, जस्टिस कुन्हिकृष्णन ने माता-पिता को आगाह किया कि बिना निगरानी के नाबालिग बच्चों को मोबाइल फोन सौंपनें में खतरा है।कोर्ट ने चेतावनी दी कि इंटरनेट एक्सेस वाले मोबाइल फोन में अश्लील वीडियो आसानी से उपलब्ध हैं और अगर बच्चे उन्हें देखते हैं, तो इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। इस प्रकार कोर्ट ने माता-पिता को बच्चों को सूचनात्मक समाचार और वीडियो दिखाने और उन्हें मोबाइल फोन से खेलने के बजाय बाहरी गतिविधियों के लिए भेजने के लिए प्रेरित करें।

## बिहार में समय से पहले हो सकते हैं विधानसभा चुनाव लोजपा नेता ने संकल्प यात्रा को किया रवाना : चिराग



**पटना।** लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने मंगलवार को श्रीकृष्णापुरी में प्रदेश पार्टी कार्यालय से संकल्प यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर पासवान ने कहा कि 25 नवंबर तक यह यात्रा चलेगी। 28 नवंबर को पटना के गांधी मैदान में संकल्प रैली होगी। उन्होंने कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव समय से पहले हो सकता है, क्योंकि महागठबंधन सरकार के अंदर विरोधाभास और वर्चस्व की लड़ाई है।चिराग ने कहा कि हमारी पार्टी चुनाव के लिए तैयार है। संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना है। हर बूथ तक पार्टी का कैडर पहुंचे, इसकी कोशिश है, जहां स्थिति। कमजोर है उसे भी मजबूत किया जाएगा। संकल्प यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी भी रहेंगे। हर जिले में एक दिन की यह यात्रा होगी। मुजफ्फरपुर से इसकी शुरुआत की जा रही है। शिवहर, लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देशानुसार बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट संकल्प यात्रा कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के नेतृत्व में पार्टी के सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष समेत प्रमुख नेता बुधवार को शिवहर पहुंच रहे है। शहर स्थित महादेव विवाह भवन में पार्टी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सह पूर्व एमएलसी हुलास पाण्डेय, छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश सीमांत पासवान उर्फ प्रिंस पासवान, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शोभा सिंह,अनुसूचित जाति-जन जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान, पंचायती राज प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष इंदिरा देवी, किसान प्रकोष्ठ के सुरेन्द्र ठाकुर, चिकित्सा प्रकोष्ठ के डा. अजय कुमार, लेबर सेल के रामप्रवेश राय, आईटी सेल के अमित कुमार रानू, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नौशाद आलम, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार आदि प्रमुख नेता भाग लेंगे। इसकी जानकारी जिलाध्यक्ष विजय कुमार पांडेय ने दी है।

# हरियाणा की महिलाओं की यूपी में होती भ्रुण जांच, लड़की होने पर होता था गर्भपात, पुलिस ने किया रैकेट का भंडाफोड़



गुरूग्राम, 13 सितम्बर [एजेंसी]।

भ्रुण जांच और गर्भपात के लिए महिलाओं को हरियाणा से उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में ले जाने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अमरोहा जाकर पुलिस की मदद से जांच केंद्र का पर्दाफाश किया। यहां से अमरोहा पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया और अल्ट्रासाउंड मशीन सील की। महिला का पति और एक अन्य आरोपित अभी फरार हैं। गैंग से जुड़े चार लोगों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने अमरोह में मामला दर्ज कराया है।

सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक नितिन कुमार नाम का व्यक्ति गुरुग्राम से गर्भवती महिलाओं को उनके गर्भ में पल रहे बच्चे की लिंग जांच के लिए उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के हसनपुर ले जाता था। गर्भ में लड़की होने का पता चलने पर गर्भपात भी कराता था। इस अवैध कार्य के लिए नितिन 35 से 40 हजार रुपये वसूल करता था। स्वास्थ्य विभाग की टीम तैयार की गई। नोडल अधिकारी डा. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में डॉ. हरीश कुमार व चार महीने की गर्भवती सोनिया का इसका हिस्सा बनाया गया।सोनिया ने नितिन को फोन कर बच्चे की लिंग जांच की बात कही। नितिन ने पूछताछ के बाद सौदा 35 हजार रुपये में तय किया और 10 हजार रुपये पहले ले लिए।

25 हजार रुपये मिलकर देने के लिए बोला और नौ सितंबर को हसनपुर के गैस गोदाम के पास बुलाया। सोनिया यहां पहुंची तो पहले से ही अलीपुर निवासी रवि नाम का युवक वहां बाइक लेकर खड़ा था।उसने सोनिया को बाइक पर बिठाया और 25 हजार रुपये ले लिए। वह सोनिया को हसनपुर के काला शहीद मोहल्ला स्थित एक मकान में ले गया। यहां पर रवि ने सोनिया का अल्ट्रासाउंड किया। वहीं टीम लगातार इनका पीछा करते हुए उनके घर पर पहुंची। यहां हसनपुर की स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। टीम को आता देख रवि व उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। टीम ने घर से अल्ट्रासाउंट मशीन व 10 हजार रुपये बरामद किए। साथ ही बबीता नाम की महिला को पकड़ लिया।

## भारत ने विमान में खराबी के बाद जस्टिन ट्रूडो को दिया था एयर इंडिया वन का विकल्प, लेकिन कनाडा ने...



नईदिल्ली, 13 सितम्बर।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो आखिरकार मंगलवार दोपहर को अपने देश के लिए रवाना हो गए। केंद्रीय इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर उन्हें छोड़ने के लिए एयरपोर्ट आए हुए थे। ट्रूडो विमान में तकनीकी खराबी आने की वजह से अभी तक दिल्ली के एक होटल में रुके हुए थे। हालांकि, इस बीच भारत ने उन्हें एयर इंडिया वन से भेजने का प्रस्ताव भी दिया था, लेकिन कनाडाई पक्ष ने इसे अस्वीकार कर दिया।न्यूज एजेंसी ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि जब ट्रूडो के विमान में तकनीकी खराबी आई थी, उस समय भारत ने उन्हें एयर इंडिया वन की सेवा देने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन कनाडा ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उसने बैकअप विमान का इंतजार करना ज्यादा अच्छा समझा। कनाडाई पीएम और उनके साथ आया प्रतिनिधिमंडल दो दिन से दिल्ली में फंसा हुआ था। ट्रूडो आठ सितंबर यानी शुक्रवार को जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आए थे। उन्हें 10 सितंबर को वापस कनाडा जाना था, लेकिन उनके एयरबेस विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिसकी वजह से उन्हें दिल्ली में ही रुकना पड़ा। कनाडा के सीबीसी न्यूज के मुताबिक, दिल्ली में रुकने के दौरान भी ट्रूडो ने होटल से काम करना जारी रखा था।ट्रूडो ने जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी से भी मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच कनाडा में खालिस्तान समर्थकों द्वारा लगातार भारत विरोधी गतिविधियां करने को लेकर चर्चा हुई थी।

## अगर आप मर भी जाएं तो हमें चिंता नहीं..., सुप्रीम कोर्ट ने स्पाइस जेट के सीएमडी को दी तिहाड़ भेजने की चेतावनी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्पाइस जेट के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने उसके आदेश के मुताबिक ग्लोबल इंवेस्टमेंट बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी क्रेडिट सुइस एजी को भुगतान नहीं किया, तो उन्हें तिहाड़ जेल भेज दिया जाएगा।शीर्ष अदालत ने सिंह को स्विस कंपनी को एक किस्त के रूप में पांच लाख डॉलर और डिफाल्ट राशि के रूप में 10 लाख डॉलर का भुगतान करने को कहा। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा, हमें अगले कठोर कदम की ओर बढ़ना होगा। अगर आप कंपनी बंद भी कर देंगे तो भी हमें चिंता नहीं है।नाराज पीठ ने सिंह से कहा कि उन्हें सहमति की शर्तों का पालन करना होगा। अदालत ने चेतावनी दी, अगर आप मर भी जाएं तो हमें चिंता नहीं। यह बहुत ज्यादा हो गया है। अगर आप भुगतान नहीं करेंगे तो हम आपको तिहाड़ जेल भेज देंगे। मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

# चंद्रबाबू नायडू का जेल में ही रहना है सुरक्षित, कोर्ट ने हाउस कस्टडी की मांग करने वाली याचिका की खारिज



विजयवाड़ा, 13 सितम्बर [एजेंसी]।

विजयवाड़ा की एक अदालत ने मंगलवार को तेलुगुदेशम पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू द्वारा हाउस कस्टडी की मांग को लेकर दायर याचिका खारिज कर दी।

अदालत ने कहा कि जेल में रहना ही आपके लिए हितकर और सुरक्षित होगा।इधर, मंगलवार को पत्नी भुवनेश्वरी ने केंद्रीय कारागार पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की। पति से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि यह परिवार के लिए मुश्किल समय है।आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को करोड़ों रुपये के कौशल विकास घोटाले में गिरफ्तार किया है। वह वर्तमान में राजमुंदरी केंद्रीय कारागार में बंद हैं। चंद्रबाबू नायडू पर आरोप है कि वह कौशल विकास निगम घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं। इस घोटाले से राज्य सरकार को लगभग 300 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन भी किया था। नायडू की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने खतरे की आशंका का हवाला देते हुए पूर्व सीएम की हाउस कस्टडी मंजूर करने के लिए याचिका दायर की थी। नायडू को कई वर्षों से जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है और एनएसजी कमांडो की एक टीम हमेशा उनके साथ रहती है।मंगलवार को नायडू के वकील जयकर मत्ता ने बताया कि हाउस अरेस्ट की मंजूरी नहीं दी गई है। कोर्ट ने कहा कि हाउस कस्टडी के दौरान जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान नहीं की जाएगी। ऐसे में कोर्ट ने माना कि नायडू का जेल में रहना ही सुरक्षित है। मत्ता ने कहा कि नायडू की लीगल टीम विजयवाड़ा की एसीबी कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट का रुख करेगी।

## केरल को शराब में डुबाने की कोशिश कर रहा एलडीएफ यूडीएफ ने राज्य सरकार पर लगाए गंभीर आरोप



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य में सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) नई शराब नीति के माध्यम से राज्य को शराब में डुबाने की कोशिश कर रहा है। एलडीएफ ने इन आरोपों को गलत करार दिया है। आबकारी अधिनियम संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने आरोप लगाया कि शराब नीति लाने में न केवल सात महीने से अधिक की देरी हुई, बल्कि नए नियमों का उद्देश्य राज्य में शराब की उपलब्धता बढ़ाना है। एलडीएफ सरकार एक तरफ शराब और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चला रही है। वहीं, दूसरी तरफ राज्य में शराब की उपलब्धता बढ़ा रही है। चेन्निथला ने कहा, आप खतरनाक स्थिति पैदा कर रहे हैं। यह नीति राज्य को शराब में डुबो देगी।राज्य के उत्पाद शुल्क मंत्री एमबी राजेश ने आरोपों का खंडन किया। कहा कि सात साल के एलडीएफ शासन के दौरान उससे पहले के यूडीएफ शासन की तुलना में शराब की उपलब्धता और बिक्री में कमी आई है।

# किसी छोटे नेता का बयान.. सनातन धर्म पर स्टालिन की टिप्पणी पर क्या बोले आप सांसद राघव चड्ढा

नईदिल्ली, 13 सितम्बर [एजेंसी]।

आम आदमी पार्टीके नेता और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने डीएमके के नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म को लेकर दिए गए विवादित बयान की निंदा की। राघव चड्ढा ने मंगलवार को पीटीआई को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि छोटे नेताओ द्वारा दिए गए बयानों को आई.एन.डी.आई.ए गठबंधन का आधिकारिक बयान नहीं माना जा सकता है। बता दें कि राघव चड्ढा 14 सदस्यीय समन्वय समिति के सदस्य हैं, जो गठबंधन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था है। सनातन धर्म को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने डीएमके नेता और विपक्ष दलों के गठबंधन पर जमकर निशाना साधा था। भाजपा ने गठबंधन पर उदयनिधि को बचाने और उनके बयान पर कोई प्रतिक्रिया ने देने का आरोप लगाया था। तमिलनाडु सरकार में खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन (और डीएमके नेता) ने दो सितंबर को तमिलनाडु प्रोग्रेसिव राइटर्स आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा सनातन




के उन्मूलन विषय पर चेन्नई में आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए सनातन धर्म के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया।उन्होंने अपने भाषण में कहा कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता है, उन्हें समाप्त ही किया जाना चाहिए। हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते। हमें इसे खत्म करना है, यही हमने किया है। सनातन को मिटाना है। सनातन का विरोध करने के बजाय उसे मिटाना चाहिए। स्टालिन के बयान के बाद से भाजपा लगातार आई.एन.डी.आई.ए गठबंधन पर निशाना साथ रही है।

भाजपा ने गठबंधन पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन का सनातन धर्म को निशाना बनाने के लिए छिपा हुआ एजेंडा है।उदयनिधि स्टालिन के बयान के बाद राजनीतिक गलियारे में चल रहे इस मुद्दे पर राघव चड्ढा ने कहा कि किसी पार्टी का कोई नेता ऐसी टिप्पणी करता है तो इसका मतलब यह नहीं है कि यह गठबंधन का बयान है। गठबंधन का गठन देश में महंगाई और बेरोजगारी जैसे बड़े मुद्दों को उठाने के लिए किया गया है। किसी राज्य के किसी जिले के किसी छोटे नेता द्वारा दिया गया बयान गठबंधन का आधिकारिक बयान नहीं है। राघव चड्ढा ने आगे कहा, मैं सनातन धर्म से हूं। मैं ऐसे बयानों की निंदा और विरोध करता हूं। इस तरह के बयान नहीं दिए जाने चाहिए। किसी भी धर्म पर ऐसी टिप्पणी करने से दूर रहना चाहिए। हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए।

लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को रोकने के लिए कई विपक्षी दलों ने आई.एन.डी.आई.ए (भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन) गठबंधन बनाया है। 13 सितंबर को दिल्ली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार के आवास पर समिति की बैठक होगी। राघव चड्ढा ने बताया कि बैठक में उन मुद्दों पर चर्चा होगी, जो हम उठाएंगे। यह मुद्दे उन रैलियों या घर-घर अभियान के साथ राज्यों में लोगों तक पहुंचाए जाएंगे। सभी राज्य अलग-अलग हैं और इसी तरह हम अपनी विविधता का जश्न मनाते हैं। चुनावी रंग अलग है। हम इस पर राज्यवार चर्चा करेंगे।इसके साथ ही राघव चड्ढा ने कहा कि इस गठबंधन को सफल बनाने के लिए हर राजनीतिक दल को तीन चीजों का त्याग करना होगा- महत्वाकांक्षा, मतभेद और मनभेद।

# घर की साफ-सफाई में आ रही है मुश्किल, तो अपनाएं ये ट्रिक्स



घर को गंदा देख लगभग हर व्यक्ति के मन में यही सवाल आता है कि घर की साफ-सफाई कैसे की जाए। कई बार ढेर सारे काम होने के कारण रोजाना घर की साफ-सफाई करना संभव नहीं हो पाता है। हम आपको गंदे घर को आसानी से साफ करने के कुछ आसान से हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

घर को गंदा देख लगभग हर व्यक्ति के मन में यही सवाल आता है कि घर की साफ-सफाई कैसे की जाए। क्योंकि कई बार हम सभी के पास ऑफिस या अन्य कई ऐसे ढेर सारे काम होते हैं। जिसके कारण रोजाना घर की साफ-सफाई करना संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में अगर आप भी इसी समस्या के परेशान हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गंदे घर को आसानी से साफ करने के कुछ आसान से हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

गंदे घर को ऐसे करें जल्दी साफ

गंदे घर को साफ करने के लिए जरूरी है कि आप बिना ब्रेक लिए पूरे घर को एक साथ चमका दें। जैसे अगर आपने साफ-सफाई की शुरूआत पहले कमरे से की है, तो एक्स्ट्रा सामान को निकालकर एक कोने में एकत्र कर दें। इसके बाद बेडशीट बिछाकर पूरे घर में डस्टिंग और पोछा मार दें। इस ट्रिक्स से आप पूरे घर को आसानी से साफ कर सकती हैं।

घर को जल्दी साफ करने की ट्रिक

घर को जल्दी साफ करने के लिए जरूरी है कि आप हर काम को रोजाना ना करें। जैसे अगर एक दिन आपने डस्टिंग की है, तो दूसरे दिन कवर्स बदल दें। ऐसा करने से आपकी साफ-सफाई का काम भी आसानी से हो जाएगा। साथ ही घर भी चमक जाएगा। हालांकि जरूरी नहीं है कि घर की सफाई के सभी स्टेप को रोजाना फॉलो किया जाए।

क्लीनर कैसे बनाएं

घर की साफ-सफाई के लिए क्लीनर की जरूरत होती है। ऐसे में आप सिरका और बेकिंग सोडा की मदद से घर पर ही क्लीनर बना सकती हैं। क्लीनर को बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक गिलास पानी गर्म करना है। फिर उसमें 1-2 चम्मच बेकिंग सोडा मिक्स कर दें और 3-4 चम्मच सिरका मिला दें। इस तरह से आपका क्लीनर बनकर तैयार हो जाएगा। डस्टिंग के बाद इस लिक्विड से आप आसानी से जिद्दी दाग साफ कर सकती हैं।

ऐसे करें बाथरूम की सफाई

घर के साथ-साथ बाथरूम की साफ-सफाई भी काफी ज्यादा जरूरी होती है। ऐसे में आप क्लीनर से ही बाथरूम को भी साफ करें। बता दें कि बाथरूम के टाइल्स डिटर्जेंट से काफी जल्दी साफ हो जाते हैं। बाथरूम की साफ-सफाई के बाद पूरे बाथरूम को वाइपर की मदद से सुखा दें।

# दमकती त्वचा पाने के लिए करें देसी घी का इस्तेमाल, ग्लो ऐसा कि देखते रह जाएंगे लोग



हर भारतीय घर में देसी की का इस्तेमाल होता है। देसी घी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल खाने में किया जाता है। लेकिन क्या आप जानती हैं, त्वचा पर घी का इस्तेमाल करने से स्किन ग्लोइंग और हेल्दी बनती है। क्योंकि घी में विटामिन और हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं। यह स्किन को मॉइश्चराइज करने का काम करता है। स्किन में मौजूद पिंपल्स और ड्राई स्किन की समस्या से निजात दिलाने में मदद करता है। आप स्किन पर घी का इस्तेमाल अलग-अलग तरीके से कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन साफ होती है। आइए जानते हैं आप स्किन पर घी कैसे अप्लाई कर सकती हैं।

## घी और बेसन का फेस पैक

अगर आप पिगमेंटेशन की समस्या से परेशान हैं, तो आपको घी और बेसन का पैक बनाकर अपने चेहरे पर अप्लाई करना चाहिए। इसे फेस पैक को बनाना काफी आसान है। इस फेस पैक को अप्लाई करने से आपको किसी तरह की समस्या नहीं होगी।

घी और बेसन पैक की सामग्री

घी- 2 चम्मच

बेसन- 2 चम्मच

ऐसे बनाएं फेस पैक

सबसे पहले एक कटोरी में बेसन और घी को मिक्स करें।

इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स कर लें।

आप चाहें तो इसमें हल्दी भी मिला सकती हैं।

इसके बाद इसे फेस पर 10-15 मिनट के लिए अप्लाई करें।

फिर नॉर्मल पानी चेहरे को धो दें।

इस फेस पैक को अप्लाई करने के बाद चेहरे पर साबुन न लगाएं।

**घी और केसर का फेस पैक**

कई महिलाओं व लड़कियों की स्किन काफी ड्राई और डल होने लगती है। ऐसे में आप चेहरे पर इन चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन पर निखार आता है।

## सामग्री

घी- 1 चम्मच

केसर- 2 चम्मच

हल्दी- 1/4

ऐसे बनाएं फेस पैक

सबसे पहले एक कटोरी में केसर, हल्दी और घी को मिक्स कर लें।

इसके बाद इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करें।

10-15 मिनट तक लगाए रखने के बाद चेहरा पानी से साफ कर लें।

आप चाहें तो गर्दन पर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# ऑनलाइन ब्लाउज खरीदते समय इन बातों का रखें खास ख्याल, बर्बाद हो सकता है पैसा



आजकल लोग ऑनलाइन शॉपिंग करना ज्यादा पसंद करते हैं। हालांकि पहले लोग बाजार जाकर खरीददारी करते थे। लेकिन इसमें समय और परेशानी दोनों होती हैं। लेकिन ऑनलाइन ब्लाउज खरीदने से पहले इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।

आजकल लोग बाजार जाकर घंटों शॉपिंग में वक्त बर्बाद नहीं करते हैं। क्योंकि मार्केट में मनपसंद चीज लेने के लिए एक दुकान से दूसरी दुकान का चक्कर लगाना पड़ता है। इसमें लोग परेशान भी होते हैं और उनका समय भी बर्बाद होता है। ऐसे में मार्केट जाकर खरीददारी करने से ज्यादा अच्छा लोग घर बैठे ऑनलाइन शॉपिंग करना ज्यादा पसंद करते हैं। घर के सामान से लेकर पार्टी या फंक्शन के लिए आउटफिट तक आसानी से ऑनलाइन मिल जाते हैं।

वैसे तो आप आसानी से ऑनलाइन हर आउटफिट खरीद सकती हैं। लेकिन कुछ कपड़े ऐसे होते हैं, जिन्हें ट्राई किए बिना लेना काफी मुश्किल होता है। क्योंकि इसमें फिटिंग का मामला आता है। इन्हीं कपड़ों में ब्लाउज भी शामिल होता है। बता दें कि रेडीमेड ब्लाउज खरीदना काफी मुश्किल काम होता है।

वहीं साड़ी और लहंगे के साथ वाले ब्लाउज काफी महंगे होते हैं और कई बार इनकी फिटिंग और क्वालिटी भी अच्छी नहीं होती है। ऐसे में यह आपके लुक को बर्बाद कर देते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने लिए परफेक्ट रेडीमेड ब्लाउज खरीद सकती हैं। यह आपके लुक को भी खराब नहीं करेंगे।

**जरूर देखें साइज**

अगर आप भी ऑनलाइन ब्लाउज लेना चाहती हैं तो सबसे पहले टेलर के पास जाकर अपना सही साइज जान लें। क्योंकि अगर आपको अपना साइज नहीं पता होगा तो आप फिटिंग का ब्लाउज नहीं ले पाएंगी। जिसके चलते आखिरी समय में आपको इसकी फिटिंग करवानी होगी या इसे बदलवाना पड़ सकता है।

**हल्के वर्क को दें प्राथमिकता**

अगर आप भी ऑनलाइन ब्लाउज खरीदने की सोच रही हैं तो इस दौरान हल्के वर्क को प्राथमिकता हैं। कई बार ऑनलाइन में जो चीज जैसी दिखती है, असल में वह वैसी नहीं निकलती है। ऐसे में आपको अगर हैवी वर्क वाला ब्लाउज चाहिए तो आप उसे बाजार से खरीदें।

**फैब्रिक का रखें खास ध्यान**

रेडीमेड ऑनलाइन ब्लाउज खरीदने के दौरान उसके फैब्रिक पर जरूर ध्यान दें। जब भी आप कोई कपड़ा ऑनलाइन खरीदती हैं, तो उसकी सारी डिटेल लिखी होती है। ऐसे में आप मौसम के हिसाब से फैब्रिक चुनें।

**पैड की क्वालिटी**

ऑनलाइन रेडीमेड ब्लाउज खरीदने के दौरान दी गई डिटेल्स में यह जरूर पढ़ लें कि उसमें किस तरह का पैड लगा हुआ है। आपको प्रोडक्ट की सारी जानकारी वहीं पर लिखी मिल जाएगी।

# कुर्ती में दिखना चाहती हैं पतली तो ऐसे करें कैरी, स्टाइल के साथ मिलेगा कंफर्ट



कई महिलाएं अपनी फिटनेस पर काफी ज्यादा ध्यान देती हैं। इसके लिए वह डाइट को फॉलो करने के साथ ही कपड़े पहनने के तरीके में भी बदलाव करती हैं। लेकिन इसके बाद भी अक्सर हम पतले नजर नहीं आते हैं। जिसकी वजह से हमारा मोटिवेशन कम होने लगता है। वहीं कुछ लोग पतले दिखने व होने के लिए अलग-अलग सजेशन देते हैं। लेकिन उसका भी हमारे शरीर पर कोई खास असर नहीं होता है। ऐसे में अगर आप भी फिट दिखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। हम आपको इस आर्टिकल के जरिए कुर्ती डिजाइन को स्टाइल करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पहनकर आप स्लिम-ट्रिम नजर आएंगी।

**कोटी डिजाइन कुर्ती**

अगर आपको भी स्लिम-ट्रिम दिखना चाहती हैं, तो आप कोटी डिजाइन वाली कुर्ती को कैरी कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती में आपको सिंपल डिजाइन को कैरी कर सकती हैं। इसमें आप डार्क कलर की डिजाइन चूज करें, इसमें आप पतली नजर आएंगी। साथ ही इनको कैरी करने से आप खूबसूरत भी दिखाई देंगी। आप चाहें तो कुर्ती के साथ आप पेयर कोटी को भी कैरी कर सकती हैं। ऑनलाइन में इस तरह के डिजाइन काफी अच्छे मिल जाएंगे।

**फ्रंट स्लिट कुर्ती**

पतला दिखने के लिए आपको फ्रंट स्लिट कुर्ती कैरी करनी चाहिए। हालांकि यह डिजाइन हर लड़की पसंद नहीं आती है। लेकिन आपको इसे एक बार जरूर ट्राई करना चाहिए। इसमें आप स्लिट मैक्सी टॉप का ऑप्शन भी चुन सकती हैं। अपनी पसंद से कलर ऑप्शन चुनें। साथ ही इस बात का भी ख्याल रखें कि इस तरह की कुर्ती में हैवी वर्क न हो, क्योंकि इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। इस कुर्ती के साथ आप जींस या लैगिंग ट्राई करें।

**लॉन्ग कुर्ती डिजाइन**

कई बार हम में से अधिकतर लोग प्लेयर वाली कुर्ती खरीद लेते हैं। लेकिन इस तरह की कुर्ती खरीदने की बजाय आप सिंपल लांग कुर्ती लें। जिसको पहनकर आप पतली दिखेंगी। इस तरह की डिजाइन वाली कुर्ती में आपको सिंपल और हैवी दोनों तरह के वर्क वाली कुर्ती मिल जाएगी।

**इन बातों का रखें खास ख्याल**

इस तरह की कुर्ती में आपको लाइट कलर कैरी नहीं करना चाहिए।

इसके साथ ही कुर्ती का कपड़ा मोटा नहीं होना चाहिए।

कुर्ती में बहुत ज्यादा वर्क नहीं होना चाहिए।



**साड़ी हो या सूट कैटरीना के ये देसी लुक है बेहद शानदार**

## गाउन पर सेलिब्रिटी की तरह बनाएं हेयर स्टाइल



अप-टू-डेट और स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने आपको अलग-अलग लुक कैरी करते हैं। मेकअप और आउटफिट के बार परफेक्ट हेयर स्टाइल होना बहुत जरूरी है। आजकल गाउन का ट्रेंड काफी ज्यादा चल रहा है। ऐसे में आज हम आपको गाउन के साथ स्टाइल किए जाने वाले कुछ ट्रेंडी हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं। यह हेयर स्टाइल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेंगे। साथ ही आपका लुक भी स्टाइलिश लगेगा।

बता दें कि आज के समय में हाफ-टाई बन हेयर स्टाइल काफी चलन में है। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए सबसे छोटे साइज वाले डोनट का उपयोग करना चाहिए। वहीं बचे हुए बालों को हेयर स्टाइलिंग टोंग की मदद से कर्ल कर लें। इस तरह से आपका हेयर स्टाइल बन जाएगी।

मेसी लुक देखने में काफी मॉडर्न लगने के साथ बेहतरीन भी लगता है। इस हेयर स्टाइल को बनाना काफी ज्यादा आसान होता है। इस हेयर स्टाइल को सजाने के लिए बालों की सिर्फ एक लेयर को पोनीटेल के शुरुआत में गोल-गोल ब्रैप कर लें। बता दें कि इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए हेयर स्टाइलर की मदद से पहले सारे बालों को कर्ल कर लें। बालों को कर्ल करने से एक बाउंस बनकर तैयार हो जाएगा। यह हेयर स्टाइल आपको खूबसूरत होने के साथ प्रोफेशनल टच देगा।

कुछ लोग बालों को खुला रखना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने बालों को खुला रखना पसंद है। तो हम आपको मिनटों में बनने वाले हेयर स्टाइल के बारे में बताने जा रहे हैं।

# सितंबर में पार्टनर के साथ इन हसीन जगहों पर बिताएं क्वालिटी टाइम, यादगार होगा हर पल



सितंबर के महीने में देश के लगभग हर हिस्से में बारिश का मौसम खत्म होने वाला होता है। बारिश का मौसम खत्म होने के साथ ही भारत की कई जगहों की खूबसूरती बेहद बढ़ जाती है। कपल्स के लिए भी सितंबर का महीना काफी ज्यादा रोमांटिक होता है। क्योंकि इस महीने में हर तरफ हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है। ऐसे में सितंबर में कप्लस ऐसी जगहों की तलाश करते हैं, जहां पर वह अपने पार्टनर के साथ यादगार और रोमांटिक पल बिता सकें। ऐसे में आपको भी अपने पार्टनर के साथ इन बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। इन जगहों पर आने के बाद आपका यहां से वापस जाने का मन नहीं होगा।

**लोलाब घाटी**-उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में स्थिति वैली में तो आप कई बार घूमने के लिए जा चुके होंगे। लेकिन अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ सितंबर में घूमने का प्लान बना रहे हैं। तो बता दें कि आपको लोलाब घाटी को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह जम्मू-कश्मीर की एक ऐसी जगह है, जो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती है। इस घाटी की खूबसूरती का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि यह कुछ ही मिनटों में किसी को भी अपना दीवाना बना सकती है। बर्फीली चोटियां, नदी हरे-भरे घास के मैदान और झील के बीच में मौजूद लोलाब घाटी में बेहद मनमोहक दृश्य देखने को मिलेंगे।

**रायगढ़**-महाराष्ट्र में घूमने की बात होती है तो हम सभी की लिस्ट में पंचगनी, खंडाला, लोनावाला या मरेथान का नाम सबसे ऊपर रहता है। लेकिन सितंबर के महीने में आप अपने पार्टनर के साथ रायगढ़ को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मुंबई से करीब 95 किलोमीटर की दूरी पर मौजूद रायगढ़ महाराष्ट्र के हसीन पहाड़ों के बीच में मौजूद एक बेहद हसीन जगह है। सितंबर के महीने में रायगढ़ में चारों ओर हरियाली ही हरियाली दिखाई देती है। वीकेंड पर यहां यादगार पल बिताने के लिए कई कपल्स पहुंचते हैं। रायगढ़ में मधे घाट वॉटरफॉल रायगढ़ फोर्ट और दिवेआगर बीच जैसी बेहतरीन जगहों को अपने पार्टनर के साथ एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**एबॉट माउंट**-

उत्तराखंड में आप सभी मसूरी, नैनीताल, रानीखेत और कौसानी तो एक ना एक बार जरूर गए होंगे। लेकिन अगर आप भी सितंबर में उत्तराखंड की हसीन वादियों में खोना चाहते हैं, तो आपको एबॉट माउंट पहुंचना चाहिए। कपल्स के लिए उत्तराखंड की हसीन वादियों में मौजूद एबॉट माउंट जन्नत से कम नहीं है। एबॉट माउंट समुद्र तल से लगभग 7 हजार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इसे जॉन हेरोल्ड एबॉट ने बसाया था। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ लोहाघाट, एबॉट माउंट चर्च, एबॉट माउंट और चिनेश्वर वॉटरफॉल जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**करसोग**-पार्टनर संग घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश में एक से एक बेहतरीन और हसीन जगहें मौजूद हैं, लेकिन इस बार आपको अपने पार्टनर के साथ करसोग जरूर एक्सप्लोर करें। यह एक बेहद मनमोहक जगह है। करसोग में हसीन पहाड़, खूबसूरत झरनों और घास के मैदान देख वापस जाने का मन नहीं होगा। कपल्स के लिए यह जगह किसी जन्नत से कम नहीं है। सितंबर में यहां की खूबसूरती काफी मनमोहक होती है। हिमाचल के मंडी जिले में करसोग पड़ता है।

**डोडीताल**-

अगर इस सितंबर आप भी अपने पार्टनर के साथ ऋषिकेश के आसपास स्थित किसी हसीन और रोमांटिक जगह घूमने की सोच रहे हैं। तो आपको डोडीताल निराश नहीं करेगी। ऋषिकेष से 94 किमी दूर यह जगह कप्लस के लिए जन्नत है। डोडीताल में पार्टनर के साथ ग्याली और चौलादूनी जैसी बेहतरीन जगह पर रोमांटिक पल बिता सकते हैं। वहीं शहर से 10 किमी दूर आप यमुनोत्री धाम भी घूम सकते हैं। मान्यता के अनुसार डोडीताल को भगवान गणेश का जन्म स्थान बताया जाता है।

## शब्द सामर्थ्य -309

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुमबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 308 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# युवाओं की पहल: पहली रोटी गाय की अभियान शुरू



**बलरामपुर।** गाय को पहली रोटी देने की परंपरा रही है। गाय में सभी देवी देवता का वास माना जाता है। अधिकांश घरों में गाय को पहली रोटी देना चाहते हैं परंतु समय पर गाय नहीं मिलने से धीरे-धीरे लोग अब गाय को रोटी देना बंद कर दिए थे। इस बीच नगर के मनीष सिंह की पहल पर स्थानीय युवाओं की मदद से शहर में पांच स्थानों पर पहली रोटी गाय की स्टील बाक्स रखा गया है जहां लोग रोटी डाल सकते हैं जिन्हें गायों को खिलाया जाएगा।

मनीष सिंह ने कहा कि गाय को माता का स्थान दिया गया है। गाय की सेवा और पूजा से जुड़े कई नियम बताए गए हैं। गाय को रोटी खिलाना केवल एक अच्छी आदत है बल्कि इससे कई तरह के लाभ भी मिलते हैं। रोजाना गाय को रोटी खिलाने से नेगेटिव एनर्जी दूर होती है और घर में सकारात्मक उर्जा संचार होता है। इन्हीं सब मान्यताओं को देखते हुए नगर में पहली रोटी गाय की अभियान की शुरुआत की गई है जिसके लिए पूरे शहर में पांच स्थानों में स्टील बॉक्स रखे गए हैं यह स्टील बॉक्स हनुमान मंदिर के पास, पुराने कलेक्टर कार्यालय चौक में, स्वामी आत्मानंद स्कूल में, हीरो शोरूम के सामने में,सन्नी मंदिर रखे गए हैं।मनीष सिंह एवं शहर के युवाओं के सहयोग से पहली रोटी गाय की अभियान प्रारंभ की गई है।

जिसमें नियमित रूप से तीनों अलग-अलग स्थान के लिए अलग-अलग युवाओं की टोली लगाई गई है जो गाय को रोटी खिलाने में सक्रिय रहेंगे। हनुमान मंदिर में प्रभारी मनीष सिंह, मंगलम पांडे, अंश सिंह को पुराने कलेक्टर कार्यालय चौक में प्रभारी सत्यजीत गुप्ता, राघव सोनी,सेंटी चौरसिया व सनी मंदिर प्रभारी विशाल सोनी, सूर्य यादव, अभिषेक सिंह को बनाया गया वहीं आत्मानंद स्कूल के लिए प्रभारी सत्यम गुप्ता एवं आबले दुबे को बनाया गया है।

## भालू के हमले से घायल को पहाड़ से उतारने में लग गए तीन घण्टे

**उदयपुर।** उदयपुर वन परिक्षेत्र में हाथियों के साथ भालुओं का उत्पात भी बढ़ रहा हैं। सोमवार को दोपहर तीन बजे भालू के हमले से घटोन निवासी रमेश लकड़ा (33) घायल हो गया। घायल का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर में जारी है। घटना के संबंध में आहत रमेश लकड़ा ने बताया कि अपने दो भाइयों के साथ धंवईपानी के जंगल में जंगली फल और सब्जी तोड़ने गया था।

इसी दौरान एक भालू ने रमेश लकड़ा पर हमला कर दिया। उसके दायां जांघ का एक हिस्सा नोच डाला। पास में ही मौजूद दो अन्य भाइयों ने भालू के हमले से आहत की चिल्लाने की आवाज सुनकर दौड़कर रमेश की ओर पहुंचे। भालू को आवाज लगाकर किसी तरह भगाए। पहुंच विहीन ग्राम धंवईपानी पहाड़ी पर स्थित सरगुजा जिले का आखिरी गांव पड़ता है जो कि विकास खंड उदयपुर में आता है। यहां पहुंचने के लिए लगभग छह से आठ किलोमीटर की पैदल यात्रा घाअपहाड़ से करनी पड़ती है। भालू के हमले से घायल को धंवईपानी जंगल पहाड़ से ग्राम सितकालो उतारने में स्वजन को लगभग तीन घंटे का समय लग गया। यहां पहले से मौजूद एंबुलेस के माध्यम से सायं सात बजे उपचार हेतु सीएचसी उदयपुर दाखिल कराया गया । स्वजन द्वारा घटना की सूचना वन अमले को दी गई। रेंजर गजेन्द्र दोहरे, वनपाल गिरीश बहादर सिंह, चन्द्रभान सिंह, वन रक्षक इग्नेश बेक, बुधसाय, बसंत सिंह द्वारा सीएचसी उदयपुर जाकर बीएमओ डा एआर जयंत से आहत के बेहतर उपचार के संबंध में चर्चा कर प्रारंभिक सहाता राशि एक हजार रूपये नकद प्रदान किया गया।



# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बना बेच दी करोड़ों की जमीन

**सूरजपुर।** जमीन के लालच में एक व्यक्ति को कागजों में दोबारा मार दिया गया और उसके परिजनों के नाम की संपत्ति को पॉवर ऑफ अटर्नी बनवा कर बेच भी दी। यह कारनामा सूरजपुर जिले के डुमरिया गांव में देखने को मिला है जहां एक जालसाज सचिव समेत चार लोगों ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर जमीन का पॉवर ऑफ़ अटर्नी अपने साथी के नाम कर ली। जमीन को सचिव ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर बेच दिया। बेची गई जमीन के हकदार मृतक के भाई हैं और वे लोग पिछले एक साल से अपने हक की लड़ाई के लिए पुलिस थाना एसपी कार्यालय समेत सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटने को मजबूर हैं। जिला मुख्यालय से लगे डुमरिया में शिवा पनिका की 52 डिसमिल ज़मीन थी। शिवा पनिका की मृत्यु 1989 में ही हो गईं थी। सड़क किनारे जमीन होने पर वह कीमती थी जिसकी वजह से दलालों की नज़र इस पर पड़ी। डुमरिया पंचायत के सचिव व उसके साथियों ने मिलकर मृतक शिवा पनिका का 2008 का मृत्यु प्रमाण पत्र व पॉवर ऑफ अटर्नी व कूटरचित दस्तावेज बनवाकर 2022 में 52 डिसमिल जमीन को किसी रसूखदार व्यक्ति को करोड़ो रूपये में बेच दी। जब इसकी जानकारी मृतक शिवा के अन्य भाइयों को लगी तो उन्होंने इसकी शिकायत सरगुजा आईजी, सूरजपुर कलेक्टर, सूरजपुर पुलिस अधीक्षक समेत कोतवाली थाने में की। इस मामले में पुलिस अपराध दर्ज करने से कतरा रही है। इस पूरे मामले में कोतवाली प्रभारी का कहना है कि डुमरिया के दो व्यक्तियों ने शिकायत का आवेदन दिया है, जिसमे एक सचिव व उसके साथियों के द्वारा मिलकर फर्जी तरीके से ज़मीन की बिक्री कर दी है। मामले में जांच जारी है।

## करोड़ों के विकास कार्यों की भूमि पूजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में विधायक व संसदीय सचिव अंबिका सिंह देव के द्वारा ग्राम पंचायत पोडी में 71,20 लाख लाख की लागत से बनने वाले नवीन तहसील भवन का भूमि पूजन किया इसी प्रकार क्षेत्र की बहू प्रशिक्षित मांग जो कोरिया जिले को सूरजपुर जिले से जोड़ती है ग्राम पंचायत गेजी में गेज नदी में नवीन पुल का निर्माण जिसकी लागत लगभग 6 करोड़ है का भी भूमि पूजन किया इस भूमि पूजन से निश्चित तौर पर इस क्षेत्र की जनता को बड़ा लाभ मिलेगा इस भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरिया वेदांती तिवारी नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक जायसवाल ज्ञानेंद्र शुक्ला भूपेंद्र सिंह कोरिया जिले का उभरता युवा नेता आशु कुजूर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी पंच सरपंच की गरिमा में उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।





## नशे के सप्लाई चैन पर सूरजपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**सूरजपुर।** बीते 10 जुलाई को थाना जयनगर पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर मोटर सायकल सहित आरोपी अफसर हसन व शाहिद आलम निवासी तेलईधार, थाना सीतापुर को पकडा था जिनके कब्जे से 3 किलो 130 ग्राम गांजा जप्त किया था, पूछताछ के बाद गांजा देने वाले व्यक्ति दीपक कुशवाहा निवासी केनापारा सीतापुर को पकड़ा गया और एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ की कड़ी में पत्थलगांव निवासी हरवंश सिंह भाटिया के द्वारा गांजा सप्लाई करना बताया गया था जो फरार था। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने अवैध नशे के कारोबार, नशे के सप्लाई चैन से जुड़े आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में थाना जयनगर पुलिस के द्वारा मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर फरार आरोपी हरवंश सिंह भाटिया पिता स्व. जसवंत सिंह भाटिया उम्र 66 वर्ष निवासी पत्थलगांव भिलाई टांगर, थाना पत्थलगांव जिला जशपुर को पकड़ा और पूछताछ के बाद विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी, एएसआई रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक बृजकिशोर धुर्वा, आरक्षक विकास मिश्रा, सुरेश तिवारी सक्रिय रहे।

# जिले में कोई भी किसान पंजीयन से न छूटे:कलेक्टर

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने समस्त एसएडीओ, आरईएओ एवं समिति प्रभारियो के साथ राजीव गाँधी किसान न्याय योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2023 -24 हेतु जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के अंतर्गत समितिवार पंजीयन कम होने पर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले के माडीसरई, केल्हारी, सिंगरौली, बरबसपुर, चैनपुर, डोडकी, घुटरा, खडगवां, जनकपुर, गडवार कोटाडोल, कोड़ा, कछोड़, कमर्जी में किसानों का पंजीयन कम होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देष दिये है कि जिले में किसी भी किसान का पंजीयन न छूटे। इसके लिए संबंधित अधिकारी गांव- गांव जाकर किसानों का चिन्हांकन करते हुए पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में आरईएओ वार लक्ष्य बनाकर पंजीयन कार्य शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिये ।

खरीफ वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अपनाया जाएगा। जिसके लिए धान उपार्जन हेतु राज्य सरकार के वेबसाईट एकीकृत कृषक पोर्टल में पंजीयन कार्य प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा द्वारा सभी जिले के समस्त एसडीओ आरईएओ को गंभीरता से कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जारी किए गए निर्देशों के आधार पर इस वर्ष पूर्व के वर्षों की भांति कृषकों को पृथक से पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अंतर्गत उनका गत वर्ष का पंजीयन कैरी फॉरवर्ड कर दी जाएगी। पूर्व वर्षों में पंजीकृत सभी किसानों को धान उपार्जन वर्ष 2023 -24 हेतु धान पंजीयन में नॉमिनी नामांकन कर कैरी फॉरवर्ड करवाना अनिवार्य है, क्योंकि धान उपार्जन हेतु आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अपनाया जाएगा, जिसके लिए पंजीयन में नॉमिनी रखना अनिवार्य है। इस हेतु गत वर्ष के पंजीकृत एवं नवीन पंजीयन कराने वाले किसानों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोई असुविधा न हो, इसके लिए उनके परिवार एवं रिश्तेदारों को नॉमिनी बनाने की सुविधा प्रदान किया गया है। जिसके आधार पर स्वत: उपस्थित होकर या उनके द्वारा बनाए गए नॉमिनी के द्वारा धान की बिक्री की जा सकती है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में पहले से पंजीकृत किसानों को धान बेचने के लिए धान पंजीयन के नॉमिनी नामांकन कर कैरीफारवर्ड किए जा रहे है। साथ ही किसानों को बायोमेट्रिक आधारित खरीदी प्रणाली की जानकारी हेतु ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्रामों में मुनादी कराकर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सभी किसान अपना पंजीयन फॉर्म तैयार कर अंतिम तिथि से पूर्व अपने धान उपार्जन केन्द्र या सहकारी समिति केन्द्र के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 है।

इस पंजीयन प्रक्रिया से ऐसे किसान जिन्होंने जमीन खरीदी या बिक्री की है, वो भी इस पोर्टल में कृषि भूमि रकबा का सुधार करवा सकते हैं। कैरी फारवर्ड या पंजीयन हेतु आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने के लिए निम्न दस्तावेजों की आवश्यकता है, उनमें आधार कार्ड (आवेदनकर्ता कृषक), नॉमिनी का आधार कार्ड ( किसान द्वारा नामित व्यक्ति ), ऋण पुस्तिका (भू-स्वामी पर्ची), बी-1 (भू-स्वामी विवरण), बी-1 खसरा पांचसाला खण्ड-2 (फसल विवरण), बैंक पासबुक की छायाप्रति ( केवल आवेदनकर्ता कृषक) एवं स्वघोषणा पत्र (केवल संयुक्त भू-स्वामी हेतु) शामिल है। इस दौरान खाद्य अधिकारी संजय कुमार ठाकुर, उप संचालक कृषि लाल सिंह अर्मो, नोडल अधिकारी आनंद सिंह उपस्थित रहे ।

## एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह ढिल्लो पदोन्नत होकर बने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



**सूरजपुर।** जिले के एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह ढिल्लो पदोन्नत होकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बन गए हैं। इस संबंध में प्रदेश के गृह विभाग की ओर से बीते दिन आदेश जारी कर अमोलक सिंह ढिल्लो सहित 19 अफसरों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में पदोन्नति का आदेश जारी किया है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला व एएसपी शोभराज अग्रवाल द्वारा पदोन्नत हुए अमोलक सिंह ढिल्लो के कंधे पर अशोक स्तंभ लगाकर पदोन्नति की बधाई दी।

# भू-अर्जन के प्रकरणों की समीक्षा कर किया जाए तत्काल निराकरण

### राजीव गांधी किसान न्याय योजना व धान बोनस की शेष राशि का शीघ्र भुगतान कराना करें सुनिश्चितः एक्का

**बलरामपुर।** कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं धान के बोनस की शेष राशि के भुगतान की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि मैदानी स्तर पर सत्यापन कर जल्द से जल्द किसानों को राशि का भुगतान करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के तैयारियों की समीक्षा करते हुए पीपीएस सॉफ्टवेयर तथा मतदाता सूची के पुनरीक्षण, शौचालय रहित मतदान केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने पीपीएस सॉफ्टवेयर से संबंधित सत्यापन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री एक्का ने शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना, धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, हाट-बाजार क्लिनिक, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य एवं आयुष्मान कार्ड योजना के प्रगति, भू-अर्जन के संबंधित प्रकरण तथा मुआवजा राशि वितरण की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जनचौपाल, जनदर्शन, जन शिकायत, सीजी पोर्टल, कलेक्टर जन चौपाल में विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री एक्का ने गोधन न्याय योजना की विकासखण्डवार समीक्षा करते हुए गौठानवार गोबर खरीदी की मात्रा, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन एवं भण्डारण तथा उठाव, भुगतान एवं स्वावलंबी गौठानों में संचालित मल्टीएक्टीविटी की जानकारी लेते हुए सक्रिय विक्रेताओं के प्रतिशत को बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में समितिवार वर्मी कम्पोस्ट भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन समितियों में वर्मी कम्पोस्ट का भण्डारण कम है वहां निरीक्षण कर अधिक से अधिक भण्डारण करायें। कलेक्टर ने एनएच-343 के भू-अर्जन प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि मुआवजा राशि हेतु शेष किसान जिनका बैंक में खाता नहीं खुला है, उसके लिए जिला अग्रणी बैंक गांवों में शिविर लगाकर खाता खोलने का कार्य शीघ्र पूर्ण करें, ताकि मुआवजा राशि का वितरण हितग्राहियों को शीघ्र किया जा सके। इसी प्रकार कलेक्टर श्री एक्का ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी ली, तथा मलेरिया ,आई फ्लू के मरीजों की पहचान के साथ-साथ मौसमी बीमारियों का प्राथमिकता से उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर की समीक्षा करते हुए दवाओं के विक्रय तथा उपभोक्ताओं की संख्या की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए शिक्षक संलग्नीकरण तथा शिक्षकों के मूल पदस्थापना की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। इसके साथ ही कलेक्टर ने शिक्षकों की मूल शाला में पदस्थापना के दौरान जिले का कोई भी शाला एकल शिक्षकीय न रहे यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु किये जा रहे प्रयासों तथा निरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं संकुल समन्वयकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुनचुना-पुंदाग में निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील, अपर कलेक्टर द्वय श्री एस.एस. पैकरा, श्री भागवत जायसवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री आर.एन.पाण्डेय, श्रीमती रुचि शर्मा, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सर्व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कका बाबा का भ्रष्ट राज होगा खत्म सरगुजा संभाग की सभी सीटों पर जीत करेंगे दर्ज: विजय बघेल



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया दौरे पर पहुंचे भाजपा के दुर्ग सांसद व घोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक विजय बघेल का भाजपा कार्यालय में भाजपाइयों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।मंच से भाजपा सांसद ने राज्य की भूपेश सरकार पर जमकर हल्ला बोला।विजय बघेल ने संविदा कर्मचारी,मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के जनप्रतिनिधि मंडल व भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया की सरकारें रोजगार देने के लिए होती हैं।महिला सशक्तिकरण के लिए होती हैं।15 साल की भाजपा सरकार ने समूहों की महिलाओं को रोजगार दिया,हमने नौकरियां दीं।लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं से रेडी टू ईट छीनकर उसे भी अपने भ्रष्टाचार का हिस्सा बना लिया।उन्होंने कहा की जिस तरह राज्य भर में संविदा कर्मचारियों के हक हड़पने का कार्य किया गया है भूपेश बघेल इस तानाशाही राज को जनता जान चुकी है।कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल ने अवगत कराया की जिस कांग्रेस सरकार के घोषणा पत्र में शराबबंदी जैसी बातें दर्ज थी शराबबंदी छोड़िए उनके आबकारी मंत्री अपने क्षेत्र में फ्री सेल शराब की बात करते हैं।आपको बता दें की कोरिया भाजपा मंच से बात रखते हुए कहा की पाटन विधानसभा क्षेत्र से विजय बघेल नही बल्कि पाटन की आम जनता चुनाव लडेगी और जबसे मुझे पाटन से प्रत्याशी घोषित किया गया है।तबसे खुद को कका जैसे शब्द से संबोधित करवाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी जमीन तलाशने में लग गए हैं।उन्होंने कहा की अगर भूपेश बघेल जनता के लिए काम किए हैं तो पाटन से चुनाव लड़ें और नया स्थान क्यूं तलाश रहे हैं।भाजपा जन घोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक विजय बघेल ने कहा की राज्य के कांग्रेस सरकार के लोक लुभावन घोषणा पत्र की कलई खुल चुकी है।इस बार जनता इनके छलावा अभियान का हिस्सा नहीं बनेगी।इसी तारतम्य में जन घोषणा पत्र के लिए सार्वजनिक सुझाव पर चर्चा करते हुए बताया की भाजपा का घोषणा पत्र आम जन के सुझाव पर तैयार होगा और उनका पालन भी निष्ठा पूर्वक जनहित समाज हित में होगा उन्होंने आमजन से सुझाव की अपील करते हुए उपस्थित संविदा कर्मचारियों,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समूह की महिलाओं सहित आमजन और भाजपाइयों से उनका सुझाव पत्र लिया तत्पश्चात भरतपुर सोनहत विधानसभा बैठक के लिए प्रस्थान किए।भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में सांसद विजय बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े,भरतपुर सोनहत विधानसभा की पूर्व विधायक व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले,भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े,देवेंद्र तिवारी,शैलेश शिवहरे,जिला महामंत्री विनोद साहू,भाजपा प्रवक्ता विमल गुप्ता,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े जिला पंचायत सदस्य सुनीता कुर्रे,जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह सहित सभी मंडलों शक्तिकेंद्रो,प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शत प्रतिशत मतदान करानें चलाया जागरूकता अभियान

**सूरजपुर।** जिला निर्वाचन कार्यालय सूरजपुर के निर्देशानुसार विकास खण्ड ओड़गी तहसील के ग्रामीण क्षेत्र करौटी रैसरा, जाज एवं अन्य क्षेत्र में लगने वाले हाट-बाजार एवं जन समूह-स्थल पर पहुंचकर मास्टर ट्रेनर मायाराम सोतन्त एवं रज्जाक अंसारी द्वारा मतदान प्रक्रिया तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की विस्तृत जानकारी दियें। उन्होंनें कार्यक्रम के अन्तर्गत कोई भी मतदाता न छूटे के उद्देश्य से उक्त ग्राम अन्तर्गत मतदाता जागरूकता एवं शत प्रतिशत मतदान हेतु कार्यक्रम कराया गया। जिसमें उपस्थित सभी को मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं सभी को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाता शपथ दिलाया गया।

## कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन

**बलरामपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। शासन के मंशानुरूप आमजनों के समस्याओं का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाता है।

# नगर पालिका से ग्राम पंचायत में वापस हुए क्षेत्र के नागरिक समस्याओं से परेशान

### नालियां नहीं होने से घरों में जाकर पानी बहता है

**कोरिया/बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र जो पहले नगर पालिका में जुड़ चुके थे और नगर पालिका में जोड़ने के कारण अनवरत विकास जारी था बावजूद इसके इन ग्राम पंचायत क्षेत्र के नागरिक जनप्रतिनिधि अपने स्वास्थ्य पूर्ति के कारण पुनः ग्राम पंचायत में तब्दील करा कर परेशान नजर आ रहे हैं जो सुख सुविधा इन्हें नगर पालिका से मिली थी वह सुख सुविधा ग्राम पंचायत से मिलना मुश्किल है और नहीं ग्राम पंचायत में इतना फंड ही आता है कि इन क्षेत्र के नागरिकों की हर मांग पूरी किया जाए अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए जनप्रतिनिधि नेता किस कदर इन पंचायत क्षेत्र में हावी है सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है ऐसे ही मामले में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लगे ग्राम पंचायत तलवा पारा के सचिव के कार्यों से परेशान है जिसकी शिकायत कलेक्टर कोरिया सहित जिले के आला अधिकारियों को कर जांच की मांग की है ग्रामीणों का कहना है कि जब से वर्तमान सचिव की पद स्थापना तलवापारा पंचायत में हुई है, तब से पंचायत सचिव कार्यालय नहीं खुलता है, जबकि कलेक्टर कोरिया का आदेश की है,सुबह समय पर ग्राम सचिव कार्यालय खुलना चाहिए ताकि किसी भी ग्रामीण को कोई समस्या का सामना ना करना पड़े, लेकिन ग्राम पंचायत तलवापारा में कलेक्टर कोरिया के आदेश को दरकिनार करते हुए पदस्थ सचिव अपनी मनमानी करने में लगे हुए हैं, ग्रामीण अपना काम कराने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है द्य ग्राम पंचायत तलवापारा की सचिव की मनमानी की वजह से कई योजनाओं से ग्रामीण वंचित होते हैं द्य ग्राम वासियों ने ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ मनमानी का आरोप लगाया है द्य ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि पंचायत सचिव कभी ग्राम पंचायत आता ही नहीं है द्य इसकी शिकायत कलेक्टर से भी की जाएगी और कार्यवाही की मांग करेंगे द्य ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव के द्वारा मनमानी तरह से कार्य किया जा रहा है द्य ग्राम पंचायत के सचिव कार्यालय में हमेशा ताला लगा रहता है, सचिव के न आने से पूरे ग्रामवासी परेशान हैं द्य ग्रामीण को सचिव का दस्तक कराने के लिए परेशान होना पड़ रहा है,हफ्तों इंतजार के बाद एक हस्ताक्षर करा पाते हैं द्य पंचायत में ग्राम पंचायत सचिव के ना आने से सरकार की ओर से चलाए गए योजनाओं का लाभ ग्रामीण को नहीं मिल पा रहा है द्य ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान के लिए रिक्शा दिया गया है लेकिन जब रिक्शा शासन प्रशासन ने दिया है तब रिक्शा एक जगह खड़ी-खड़ी खराब हो रही है, ग्राम पंचायत सचिव को कई बार ग्राम की साफ सफाई के लिए भी बोला गया लेकिन ग्राम पंचायत सचिव के अडियल रवैया से किसी भी महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ग्राम वासियों को नहीं मिल रहा है द्य राशन कार्ड में नाम जुड़वाने को लेकर कई लोग महीनो से सचिव कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनका काम नहीं हो रहा है आयुष्मान कार्ड का लाभ भी ग्रामीण को नहीं मिला है द्य ऐसे कई कार्यो का लाभ सचिव के लापरवाही से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है द्य कई पुराने कार्य अधूरे पड़े हैं द्य जिसके चलते ग्राम पंचायत तलवा पारा में विकास कार्य की गति शून्य हो गई है द्य सचिव के इसी उदासीनता व लापरवाही को देखते हुए पंचायत के सभी ग्राम वासियों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है द्य कुछ ग्रामीणों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि ग्राम पंचायत तलवा पारा में पदस्थ सचिव का घर भी पड़ोस के ग्राम पंचायत ओड़गी में है। ग्रामीण ने बताया कि नियमित ग्राम पंचायत नहीं खुलने के कारण ग्रामीणों को मजबूरन सरपंच और सचिव के घर के चक्कर काटने पड़ते हैं द्यजबकि सचिव पंचायत क्षेत्र में नहीं रहते हैं वह अपने निजी कार्यों से ही फुर्सत नहीं रहते तो उनके घर जाना पड़ता है वहां भी घंटों इंतजार के बाद मुलाकात होती है लेकिन कोई कार्य नहीं होता द्य वर्तमान में पीएम आवास एवं शौचालय की योजना के लिए ग्रामीण अथवा ही लगातार चक्कर काट रहे हैं एवं उनके ऑनलाइन नाम दिए जाने की बात कह कर टाल दिया जाता है द्य लंबे समय से नाली निर्माण की मांग की जा रही है जिस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है द्य नालियां नहीं होने से घरों में जाकर पानी बहता है द्य बरसात का पानी एकचित्र हो रहा है जिससे बीमार होने का खतरा है, बावसपारा में नाली निर्माण कार्य की



अनुमति भी मिल चुकी है लेकिन इसके बाद भी सचिव के द्वारा अपनी मनमानी कार्य प्रारंभ नहीं करा रहे हैं जिससे ग्रामीण परेशान हैं जिसके कारण समस्या और भी बढ़ रही है।

# एनएच 130बी पर बस से भिड़ी एंबुलेंस के परखच्चे उड़े, चालक और हेल्पर जख्मी

## मोरगा पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

**कोरबा।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 130-बी पर रात्रि को लगभग 2 बजे हुई दुर्घटना में एक यात्री बस के साथ एंबुलेंस जा भिड़ी। दोनों वहां अलग-अलग दिशा से आ रहे थे। हादसे में एंबुलेंस के चालक और हेल्पर को गंभीर चोटें आई हैं जबकि बस में सवार कुछ यात्रियों को मामूली चोट आई। मोरगा पुलिस ने पीड़ितों को सरकारी अस्पताल भिजवाने की त्वरित व्यवस्था की। जिस पर उन्हें उपचार दिया जाना संभव हुआ। हादसे को लेकर बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।







जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग अंबिकापुर बिलासपुर पर मोरगा के पेट्रोल पंप के पास यह हादसा पिछली देर रात 2 बजे हुआ। मोरगा चौकी प्रभारी रामकुमार उइके ने बताया कि निजी कंपनी रॉयल ट्रेवल्स की यात्री बस सवारियों को भरकर अंबिकापुर से रायपुर जा रही थी। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। मोरगा पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रही एम्बुलेंस के साथ उसकी जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में बस में सवार यात्रियों को मामूली चोट आई जबकि एम्बुलेंस के चालक रोशन जराल 28 वर्ष एवं हेल्पर संजू तिगगा 22 वर्ष को गंभीर चोटे आई। यह दोनों रायपुर से अम्बिकापुर जा रहे थे। हादसे में एंबुलेंस का काफी हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हाईवे पर हुई दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत हरकत में आई। आसपास के लोगों के सहयोग से दुर्घटना में घायल हुए लोगों को निकालने के साथ उनकी सुध ली गई और फौरन अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की गई। इस मामले में बस चालक को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार मानते हुए 279, 337 आईपीसी के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### *हटाए गए हैं ब्लैक स्पॉट्स*

*नेशनल हाईवे पर कई जगह बार-बार दुर्घटना होने और इनमें जनहानि होने को ध्यान में रखते हुए इसका अध्ययन किया गया। नेशनल हाईवे, लोक निर्माण विभाग और पुलिस के द्वारा संयुक्त कार्रवाई के साथ सम्बंधित जगहों से ब्लैक स्पॉट्स को हटाने की कार्यवाही की गई है।*

***रामकुमार उइके, चौकी प्रभारी, मोरगा***

# कब तक चल सकेंगे गौरव पथ पर भारी वाहन?

## समर्थन करना पार्षदों की मजबूरी

**कोरबा-दीपका।** कोरबा जिले के कोयलांचल और नगर पालिका परिषद क्षेत्र दीपिका में राज्य सरकार के भारी भरकम फंड से पिछले वर्षों में तैयार हुए गौरव पद की दुर्दशा हो गई है और इससे लोगों के लिए कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। सबसे बड़ा खतरा जन स्वास्थ्य का है। लंबे समय तक चले आंदोलन के बाद अब नगर पालिका की आज हो रही सामान्य सभा की बैठक में इस मुद्दे पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। अटकल लगाई जा रही है कि नगर पालिका के पार्षद चाहकर भी गौरव पथ से जुड़े प्रस्ताव का विरोध नहीं कर सकेंगे और उन्हें हर हाल में समर्थन करना होगा। अगली कार्रवाई प्रशासन अपने विवेक से करेगा।

दीपिका क्षेत्र में गौरव पथ केवल सूचना फलक में ही बचा है और खाने में ही अच्छा लगता है लेकिन जमीन पर इसकी स्थिति बदतर है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण गौरव पथ से होकर सीसीएल की खदानों से कोयला लेकर आने वाले वाहनों का आवागमन कराया जाना है। वैकल्पिक रास्तों के लिए ढोल पीटने के दावे जरूर किया जा रहे हैं लेकिन नतीजा सिफर हैं। ऐसी स्थिति में सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन दीपिका के मुख्य क्षेत्र में गौरव पथ से होकर किया जा रहा है। समस्या बढ़ने के साथ इलाके के लोग काफी आक्रोशित हैं। इसलिए उन्होंने इसे लेकर आंदोलन किया और पार्षदों पर इसकी बेहतरी के लिए दबाव बनाया। नागरिकों का दबाव बढ़ने पर पिछले दिनों कटघोरा एसडीएम को यहां पहुंचकर लोगों से चर्चा करनी पड़ी और भरोसा दिया गया कि अगली स्थिति तक सुबह शाम तीन-तीन घंटे तक इस रास्ते पर भारी वाहन नहीं चलेंगे। आननफानन में नगर



पालिका परिषद के द्वारा आज जो सामान्य सभा बुलाई गई उसमें कुल चार बिंदु पर चर्चा होनी है इसमें गौरव पथ का मुद्दा भी शामिल है। जानकारों का मानना है कि नगर पालिका के 17 पार्षद चाह कर भी इस विषय पर विरोध नहीं कर सकेंगे और उन्हें कुल मिलाकर जनहित से जुड़े मसले का समर्थन करना ही होगा। नगर पालिका स्तर पर होने वाले निर्णय के आधार पर आगे प्रशासन की ओर से दीपिका में भारी वाहनों के आवागमन के लिए व्यवस्था तय की जाएगी। कहां जा रहा है कि सामान्य सभा के निर्णय से प्रशासन को भारी वाहनों को गौरव पथ के बजाय कहीं ओर से चलना होगा।

### *नोटिफाइड एरिया को नहीं कर सकते बंद*

*दीपिका का गौरव पथ वाला क्षेत्र सरकार के द्वारा नोटिफाइड एरिया घोषित किया गया है जिस पर से काफी समय से भारी और सभी प्रकार के वाहन चल रहे हैं। ऐसे में आवाजाही बंद नही की जा सकती। इतना जरूर है कि विकल्प जरूर तलाशी जाएंगे बारिश के कारण कुछ सड़क खराब हुई हैं उनके सुधार के लिए जल्द ही एसईसीएल दीपिका गेवरा प्रबंधन की बैठक मिल जाएगी जिसमें कई निर्णय लिए जाएंगे।*

***ऋचा सिंह, एसडीएम कटघोरा***

## आंदोलन की रूप रेखा तैयार करेगें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

**कोरबा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रदेश सरकार के द्वारा जो रेट देने की घोषणा की गई थी। वह रेट नही दी जा रही है। जिसके चलते आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगो को लेकर आंदोलन भी चलाया था। घंटा चौक में लगातार आंदोलन किए गए थे। इसके बाद प्रदेश स्तरीय आंदोलन हुआ था। आंदोलन करने के बाद में प्रदेश सरकार ने मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया था। लेकिन रेट नही मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए है। और 15 सिंतबर को एक बैठक जूनियर क्लब विद्युत मंडल कालोनी में बुलाई गई है। इस बैठक में भामस के राष्ट्रीय सचिव राधे श्याम जायसवाल, नवरत्न बरेठ, यशवंत राठौर ,संजीव शर्मा, अंजली पटेल के अलावा अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहेगें।

# चतुर्थी को विराजेंगे विभिन्न विनाशक मूर्तियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

**कोरबा।** मंगलकारी और विभिन्न विनाशक भगवान गणेश का उत्सव भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से प्रारंभ हो रहा है। समय काफी नजदीक है इसलिए मूर्तियों को अंतिम रूप देने में शिल्पकार जुटे हुए हैं। उनके हर कैम्प में तेज रफ्तार से काम को किया जा रहा है ताकि चतुर्थी से पहले संबंधित आयोजकों को मूर्तियां उपलब्ध कराई जा सके।

विभिन्न हिस्सों में गणेश उत्सव को मनाने का विधान लगभग एक जैसा है लेकिन कुछ स्थानों पर सुविधा के अनुसार मूर्तियों की स्थापना करने के साथ उनका विसर्जन कर दिया जाता है। देवताओं में प्रथम पूज्य और सभी तरह से मंगल करने वाले भगवान गणपति की उपासना भाद्रपद मास में करने की परंपरा सदियों से बनी हुई है। चतुर्थी को उनकी मूर्तियां स्थापित करने के साथ अनंत चतुर्दशी तक पूजी जाती हैं। औद्योगिक नगर कोरबा के शहरी और ग्रामीण अंचल में इस पर्व को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। सैकड़ो स्थान पर मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए इन दिनों मूर्तिकारों के विभिन्न कैंपों में मूर्तियों को फाइनल टच देने का काम किया जा रहा है। सीतामणी, सीएसईबी चौक, बालकोनगर, कटघोरा, दीपका क्षेत्र में मूर्तिकार फिलहाल तेज गति से गणेश प्रतिमाओं को पूर्ण करने में जुटे है।



मंहगाई से बढ़ी कीमत

पावर हाउस रोड में अपने कारीगरों के साथ मूर्ति निर्माण में लगे हुए मूलतः पश्चिम बंगाल निवासी उत्तम पाल ने बताया कि पिछले वर्ष के मुकाबले अबकी बार लगभग 10 फ़ीसदी अधिक कीमत पर मूर्तियां लोगों को उपलब्ध होगी। मुख्य रूप से कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि होने के साथ-साथ पारिश्रमिक की दर बढ़ाने का सीधा असर उत्पाद पर पड़ता है। फिर भी बड़े पैमाने पर मूर्तियों के आर्डर मिले हैं।

## खदान पहुंच मार्ग को ठीक करने की मांग

**कोरबा।** एचएमएस दीपका एरिया और प्रबंधन के मध्य आईआर की वार्ता आयोजित की गई। जिसमें खदान तक पहुंचने वाले मार्ग को ठीक करने की मांग की गई। बरसात के दिनों में पूरा मार्ग खराब हो चुका है। ड्यूटी आने -जाने वालो को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एचएमएस के रेशम लाल यादव, गिरिजा साहू, तरूण रहा, अनूप चौबे ने भी कोयला कामगारों की अन्य समस्याओं को प्रबंधन के सामने रखा। ढेलवाडीह में भी 16 सिंतबर को एसईकेएमसी की आइआर वार्ता आयोजित की गई है। जिसमें एक्यूप्रेशर पथ को बनाने की मांग की जाएगी। बगदेवा खदान तक शेड बनाने के लिए पहले भी कहा गया था। मोटर साइकिल स्टैंड के निमार्ण की मांग को भी दूबारा रखा जा सकता है। इस वार्ता में रमेश पपरिहार, श्याम सुंदर सिंह, अशोक सिंह, अजीत सिंह, उदेश्वर नायक, उपेन्द्र कुमार, धनीराम, चन्द्रराम राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेगें।

## जिन्होंने जमीन दी, उनकी सुध नहीं ले रहा एनटीपीसी

**कोरबा।** एनटीपीसी से प्रभावित भूविस्थापितों द्वारा नौकरी, मुआवजा व क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल आंदोलन पर हैं। आंदोलन के 142 दिन बाद भी इनकी मांगों को लेकर कोई पहल नहीं की गई है। ग्राम चारपारा के भूविस्थापित विनय कुमार कैवर्त, रामकृष्ण केंवट, राकेश कुमार केंवट अपने परिवार के सदस्यों के साथ, लगातार तानसेन चौक पर धरने पर बैठे हुए हैं। एनटीपीसी कोरबा प्रबंधन द्वारा लिखित में नौकरी देने संबंधी आम सूचना, अन्य सूचना जारी करने के बावजूद भूविस्थापितों को नौकरी तथा बचे हुए जमीन की जांच नहीं कर मांग को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। इनका आरोप है कि भूविस्थापितो के साथ-साथ शासन प्रशासन को भी एनटीपीसी प्रबंधन गुमराह कर रहा है।



## गोठान के रास्ते में हैं बड़े धोखे

**कोरबा।** हरदीबाजार के नजदीक हरदी विशाल के गोठान को आदर्श केटेगरी जरूर दी गई है लेकिन यहां कई मुश्किलें मौजूद हैं। गोठान के ठीक सामने डबरी में बारिश का पानी भरा हुआ है और उसके आगे कीचड़ की भरमार है। इस चक्कर में गोठान से जुड़ी आजीविका संबंधी गतिविधियों का संचालन करने में दिक्कत हो रही है जबकि मवेशियों को यहां तक पहुंचाने में भी काफी दुस्वारियों से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीण समझ नहीं पा रहे हैं कि जब आदर्श गोठान ऐसे हैं तो बाकी किस हाल में होंगे।

## बेवा से अनाचार

### आरोपी की तलाश जारी

कोरबा। बालकोनगर थानांतर्गत बेलगरी बस्ती निवासी एक बेवा से अनाचार कर फरार हुए आरोपी की पुलिस सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। बालको पुलिस सूत्रों के अनुसार एक बेवा महिला से बेलगरी बस्ती निवासी युवक ने अनाचार की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता द्वारा इस मामले की शिकायत आज बालको नगर थाना पहुंचकर प्रभारी टीआई लक्ष्मण खूंटे से की गई। ज्ञात रहे कि एसपी द्वारा महिला संबंधी अपराधों के मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई किये जाने का निर्देश भी पूर्व से ही मिला हुआ है। जिसके कारण टीआई ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल अपराध पंजीबद्ध करर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

## किशोरी हुई गर्भवती, न्याय के लिए भटकने को मजबूर

### चाइल्ड हेल्प लाइन ने मुंह फेरा

**कोरबा।** सामूहिक दुष्कर्म की शिकार हुई एक किशोरी को गर्भ ठहर गया है। चार युवकों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में आवेदन प्राप्त किया है। पीड़िता को आरोपियों के द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है।

पिछले डेढ़ महीने से पीड़िता न्याय के लिए यहां-वहां भटक रही है। खबर के मुताबिक उसे चार माह का गर्भ ठहर गया है। लोगों के घरों में झाड़ू-पोछा का काम करने वाली किशोरी जब घर लौटती थी तो रास्ते में इसी क्षेत्र के चार युवक उससे अक्सर छेड़छाड़ करते थे। पिता को जानकारी दिए जाने पर पुलिस में शिकायत कराई गई जिसके बाद हुआ कुछ नहीं। उल्टे बाद में चार युवकों के द्वारा अनाचार की घटना को अंजाम दिया गया। खबर के मुताबिक डॉयल 112 के एक कर्मी के द्वारा उल्टे पीड़ित पक्ष को धमकाया जा रहा है। बताया गया कि चाइल्ड हेल्प लाइन को भी इस मामले से अवगत कराया गया है जो बच्चों और किशोरों के साथ होने वाले अपराधों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के दावे करता है, उसने भी चुप्पी साध रखी है। ऐसे में पीड़िता और उसका परिवार परेशान है।

## बालको मंडल शक्ति केन्द्रों में हुई बैठक

**कोरबा।** कटघोरा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक लखन देवांगन के द्वारा बालको नगर मंडल के शक्ति केंन्द्रो में बैठक ली गई। इस दौरान शिव तोमर, शैलेन्द्र सिंह, प्रीति स्वर्णकार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। कल लखन देवांगन के द्वारा कोरबा नगर मंडल के पटेल पारा व सर्वमंगला मंदिर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई थी। कटघोरा में मंडल महामंत्री राजेन्द्र टंडन व भाजपा विस्तााारक के द्वारा शक्ति केन्द्रों में जाकर मिट्टी एकृत्रित करने के लिए कहा जा रहा है। झाबर में भी दीपका नगर मंडल के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश शर्मा व राजूप्रजापति के द्वारा बैठक ली गई।

## सर्वमंगला रेल फाटक को किया बंद, लोग परेशान

**कोरबा।** एक सप्ताह में दूसरी बार 12 घंटे के लिए सर्वमंगला रेल फाटक को मेंटेनेंस के नाम पर बंद कर दिया गया है। इसके चलते शहर और ग्रामीण क्षेत्र की आवाजाही बाधित हो गई। इसका सीधा असर कोरबा के मुख्य मार्गों पर पड़ा। वाहनों के दबाव ने आम आवाजाही को प्रभावित किया।

ओम श्रीहरि
प्लाट बेचना है
कोरबा के किसी भी लोकेशन में रजिस्ट्री-डायवर्सन/जमीन/मकान बेजा कब्जा घर खरीदी/बिक्री के लिए
संपर्क करें
62681-46606

# बालको के फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'मल्हार' में दिखी कर्मचारियों की प्रतिभा

**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर टाउनशिप में आकर्षक 'मल्हार' फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन किया। कार्यक्रम में बालको के प्रतिभाशाली कर्मचारियों द्वारा खींची गई तस्वीरों का संग्रह प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में आये आगंतुकों ने मनमोहक फोटोग्राफी की सराहना की।

बालको टाउनशिप में आयोजित दो दिवसीय फोटोग्राफी कार्यशाला को 'मल्हार' नाम दिया गया। मानसून थीम के इर्द-गिर्द घूमती प्रदर्शनी में बारिश, जलवायु और बालको के आसपास की प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाने वाली मनमोहक चित्र प्रदर्शित की गईं। सभी कलात्मक छायाचित्र बालको कर्मचारियों द्वारा खींचे गए थे। बालको कर्मचारियों के मित्रों और परिवारों सहित आगंतुकों के लिए खुली यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए अविस्मरणीय आनंददायक अनुभव रहा।



कार्यक्रम में सेल्फी कॉर्नर के साथ-साथ बच्चों के लिए किड्स कॉर्नर बनाया गया था, जिसमें बच्चों के लिए स्केच बनाने तथा बनी हुई आकृति में रंग भरने की व्यवस्था थी। आगंतुकों के लिए एक आकर्षक कॉर्नर तैयार किया गया जिसमें विंटेज क्लासिक्स कैमरों से लेकर अत्याधुनिक डिजिटल मॉडल के कैमरों को प्रदर्शनी शामिल की गई थी। दो दिवसीय कार्यक्रम में दर्शकों को फोटोग्राफी उपकरणों और उसके समृद्ध इतिहास की यात्रा की जानकारी दी गई। सकारात्मक बदलाव में तकनीक के महत्व को देखते हुए आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस कॉर्नर बनाया गया। एआई-जेनरेटेड तस्वीरों की मदद से सीमित संसाधन के रूप में %जल% के महत्व को दिखाया गया।



मल्हार प्रदर्शनी में अनुभवी फ़ोटोग्राफ़रों के नेतृत्व में जानकारीपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। प्रतिभागियों को कैमरे के संचालन, लाइट, एंगल और फ्रेमिंग आदि जरूरी जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के उपरांत 'फोटो वॉक' का भी आयोजन किया गया। प्रशिक्षकों के विशेष मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने अपने फोटोग्राफी हुनर का प्रदर्शन करते हुए बालको के मनोरम दृश्य को कैमरे में कैद किया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने मल्हार फोटोग्राफी प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी तकनीकी प्रगति को समृद्धि प्रदान करने में मदद तथा हमें आगे नवाचार करने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे कार्यक्रम हमारे संगठन के भीतर कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत तथा उनमें रचनात्मकता को बढ़ावा देता है। कर्मचारियों की यही रचनात्मकता बालको को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाने में सहायक है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com